



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com   कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित   डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 204   कोरबा, रविवार, दिनांक 27 अप्रैल 2025 डाक 28 अप्रैल 2025   पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में शारदा नदी के तटीकरण कार्य का निरीक्षण किया





**देश-विदेश**
जम्मू-कश्मीर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 64 आतंकवादियों के घरों पर मारी रेड





**फीचर पेज**
विंग्ड आईलाइनर लगाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, लुक लगेगा बेहतरीन




# मन की बातः पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं, पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा : पीएम मोदी

**नईदिल्ली, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकता है। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए।

इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने उन्हें भी फोन करके पहलगाम की घटना पर दुख जताया है। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा...और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।




इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दुनिया में जो भी इंसानियत के पक्ष में है, वह हमारे साथ है। इस वक्त दुनिया में जो हमारे साथ खड़ा है, हम उनके शुक्रगुजार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

### अब दुश्मनों की खैर नहीं

## अरब सागर में तैनात नौसेना के युद्धपोतों ने दागीं एंटी-शिप मिसाइलें



**नईदिल्ली, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद से भारत की सेनाएं अपना शक्ति प्रदर्शन कर रही है। युद्धाभ्यास के तहत सेनाएं अपनी ताकत प्रमाणित कर रही हैं।

इसी क्रम में अरब सागर में तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने हाल ही में कई एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग की। भारतीय नौसेना ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाजों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित करने और प्रदर्शित करने के लिए कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार है। इससे पहले भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में तैनात किया था। यह भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है। तैनाती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी।

### उत्तराखंड में अवैध मदरसों पर सरकार सख्त, अब तक 180 किए गए सील

**देहरादून।** उत्तराखंड में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध मदरसों पर सरकार की सख्ती जारी है। इस कड़ी में पिछले माह से चल रहे अभियान के तहत अभी तक राज्यभर में 180 अवैध मदरसे सील किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साफ किया है कि कानून के दायरे से बाहर कोई संस्था संचालित नहीं होने दी जाएगी और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उत्तराखंड में मदरसा शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत 452 मदरसे पंजीकृत हैं। पूर्व में हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर समेत अन्य क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मदरसे संचालित होने पर सरकार ने सर्वे कराया।

### प्रयागराज शिक्षा निदेशालय में भीषण आग, सैकड़ों फाइलें राख

**प्रयागराज।** शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के एडेड माध्यमिक अनुभाग में रविवार को छुट्टी के दिन सुबह आग लग जाने से उसमें रखी महत्वपूर्ण फाइलें जल गईं। इन फाइलों में प्रदेश के 9 मंडलों के एडेड माध्यमिक विद्यालयों के हजारों शिक्षकों और विद्यालय से संबंधित रिकॉर्ड रखे थे। रात में गार्ड कमलेश यादव ड्यूटी पर थे। सुबह करीब 6.30 बजे बिजली बंद करके चले गए और करीब 7.30 बजे के आसपास आग लग गई। आग लगने की जानकारी गार्ड ने अधिकारियों को दी। उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग को बुझाया। इस बीच फाइलें जल चुकी थी। मामले में थाने में तहरीर दी जा रही है।

## पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी को लेकर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठा उन्हें सुरक्षित तरीके से देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, अन्य विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। 30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।



## पाकिस्तानियों के पास अंतिम मौका! आज छोड़नी ही होगी भारत की धरती, नहीं तो होगा एक्शन



**नईदिल्ली, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। भारत ने सिंधु जल समझौते से खुद को अलग कर लिया है, साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा भी रद कर दिया है। ऐसे में भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों के पास आज देश छोड़ने का अंतिम दिन है। दरअसल भारत सरकार ने सीसीएस की बैठक के बाद फैसला किया था कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी अल्पकालिक वीजा 27 अप्रैल से रद माना जाएगा। इन समयसीमा का ध्यान रखते हुए राज्य सरकारें अपने क्षेत्र में मौजूद पाकिस्तानियों को खोज-खोजकर वापस भेज रही हैं। उत्तर प्रदेश की तरफ से स्पष्ट कर दिया गया है कि उनके राज्य में मौजूद लगभग सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया था कि केवल एक पाकिस्तानी नागरिक राज्य में मौजूद है, जो 30 अप्रैल को पाकिस्तान वापस चला जायेगा। वीजा लेकर बिहार पहुंचे 19 पाकिस्तानी नागरिक भी वापस लौट चुके हैं। बिहार सरकार में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने इस संबंध में जानकारी दी।

महाराष्ट्र में पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। फडणवीस सरकार में मंत्री योगेश कदम ने कहा, मेरे अनुसार राज्य में करीब 1000 पाकिस्तानी नागरिक अल्पकालिक वीजा और करीब 4000 पाकिस्तानी दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे हैं। इन सभी को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा गया है। भारत के कड़े रुख के बाद से अब भारतीय भी पाकिस्तान से वापस स्वदेश लौट रहे हैं। पिछले तीन दिनों में अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते 450 से अधिक भारतीय वापस अपने देश लौटे हैं।

## डीएमई पर तीन गाड़ियों में भिड़ंत एक की मौत और आठ घायल



**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। जल निगम चौकी के पास सुबह करीब चार बजे एक तेज रफ्तार स्कार्पियो,मालवाहक टेंपो और एनएचएआई की गाड़ी टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान पवन कुमार सिंह (43 वर्ष) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल होने वालों में मसूरी के डबारसी निवासी आजम (28 वर्ष), साहनी (35 वर्ष), गोल्फ लिंक निवासी लव सोनी समेत हादसे में आरपीवी कामगार अंकुश और गुरुग्राम के राजेंद्र पार्क निवासी सचिन यादव , आकाश यादव , देवांश यादव और त्रिशा यादव को मामूली चोटें आई हैं।

## आधी रात ईडी दफ्तर में लगी आग, दमकल की 8 गाड़ियों ने पाया काबू, कोई हताहत नहीं



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट इलाके में रविवार तड़के ईडी कार्यालय की इमारत में भीषण आग लग गई, नगर निगम के अधिकारियों ने बताया और कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग पर काबू पा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रात करीब 2.31 बजे फायर ब्रिगेड को बहुमंजिला कैसर-ए-हिंद इमारत में आग लगने की सूचना मिली, जिसमें करीमभॉय रोड पर ग्रैंड होटल के पास प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कार्यालय है। फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम ने पुष्टि की कि सुबह करीब 3.30 बजे आग को लेवल-2 में अपग्रेड किया गया, जिसे आम तौर पर भीषण आग माना जाता है। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल तक ही सीमित थी। अधिकारी ने बताया कि आठ दमकल गाड़ियां, छह जंबो टैंकर, एक एरियल वाटर टावर टेंडर, एक श्वास तंत्र वैन, एक बचाव वैन, एक त्वरित प्रतिक्रिया वाहन और 108 सेवा से एक एम्बुलेंस को मौके पर तैनात किया गया था।

## झेलम में अचानक बढ़ा जलप्रवाह, गुलाम जम्मू-कश्मीर में बाढ़ की स्थिति, भारत का नाम लेकर छटपटाने लगा पाकिस्तान

**श्रीनगर, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

एक तरफ पाकिस्तान पानी के लिए खून बहाने की गीदड़ भभकी दे रहा है और वहीं दूसरी ओर उससे नदियों से आ रहा जलप्रवाह संभल नहीं रहा है। शनिवार को झेलम दरिया में जलप्रवाह बढ़ने से गुलाम जम्मू-कश्मीर में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। गुलाम जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मुजफ्फराबाद और उसके साथ सटे इलाकों में बाढ़ के खतरे की चेतावनी देते लोगों को दरिया से दूर रहने की चेतावनी दी है।



अलबत्ता, जम्मू-कश्मीर में किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने झेलम में अचानक जलप्रवाह बढ़ने से अनभिज्ञता जताई है। उरी सेक्टर में ही झेलम दरिया पर दो बड़ी जलविद्युत परियोजनाएं उरी-प्रथम और उरी द्वितीय हैं। झेलम उरी से आगे गुलाम जम्मू-कश्मीर में चकोटी, मुजफ्फराबाद में दाखिल होता है। विभिन्न स्रोत से प्राप्त सूचनाओं के मुताबिक गुलाम जम्मू-कश्मीर में मुजफ्फराबाद और चकोटी में शनिवार दोपहर बाद अचानक ही झेलम दरिया का जलस्तर बढ़ गया।

गुलाम जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने इसका दोष भी भारत पर मढ़ा और आरोप लगाया कि झेलम में सामान्य से अधिक पानी छोड़ने से यह स्थिति हो गई। बताया जा रहा है कि मुजफ्फराबाद और चकोटी में बड़ी संख्या में लोग पुलों पर जमा होकर झेलम के बढ़े जल प्रवाह को देख रहे हैं। श्रीनगर और बारामुला की तरह मुजफ्फराबाद में भी झेलम शहर से ही गुजरती है।

### कनाडा के वैंकूवर में बड़ा हादसा, तेज रफ्तार कार ने भीड़ को कुचला, कई लोगों की मौत

**वैंकूवर।** कनाडा के वैंकूवर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। वैंकूवर में एक स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान तेज रफ्तार कार भीड़ में घुस गई और बहुत से लोगों को रौंद कर रख दिया। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। यह घटना कनाडा के समयानुसार रात तकरीबन 8 बजे की है। वैंकूवर में स्ट्रीट फेस्टिवल मनाया जा रहा था। तभी यह दर्दनाक हादसा देखने को मिला। वैंकूवर की ई.41 ऐवेन्यू और फेजर में स्ट्रीट फेस्टिवल मनाया जा रहा था। रात को लगभग 8 बजे एक तेज रफ्तार कार भीड़ में घुस गई और कई लोग कार की चपेट में आ गए।








स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# भीषण गर्मी में बढ़ी बिजली की मांग, साथ ही कटौती का भी बना रिकॉर्ड

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से ही यह मांग तेज हुई है कि प्रदेश के लिए सबसे ज्यादा बिजली का उत्पादन कोरबा करता है और सबसे अधिक समस्याएं इसी इलाके में लोगों के सामने है। इसलिए कोरबा क्षेत्र को उसका अधिकार दिलाने के लिए पावर कंपनी का मुख्यालय कोरबा में स्थापित करते हुए यहां के लोगों को बिजली के टैरिफ के मामले में छूट दी जानी चाहिए। यह सब तो 25 वर्षों में पूरा हो नहीं पाया लेकिन हैरानी की बात है कि पावर सिटी में ही गर्मी के मौसम में बिजली कटौती ने अप्रैल के महीने में रिकॉर्ड पार कर दिया। कॉलोनी से लेकर स्लम इलाकों में बिजली कटौती के कारण इस मौसम में काफी समस्याएं पेश आई।

गर्मी शुरू होने के साथ बिजली खपत में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी और पंखे की रफ्तार बढ़ी है और इसके साथ ही बिजली की खपत में इजाफा हुआ है। इसका असर आपूर्ति पर देखा जा रहा है। अप्रैल के महीने में छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी की आउटेज रिपोर्ट से चौकाने वाला खुसाला हुआ है।

आउटेज रिपोर्ट से पता चला है कि कोरबा शहरी क्षेत्र में अप्रैल के पहली तारीख से लेकर 26 अप्रैल तक अलग-अलग क्षेत्रों में 68 बार बिजली बंद हुई है। गर्मी बढ़ने से ट्रांसफार्मर में तकनीकी गड़बड़ी आई और आपूर्ति प्रभावित हुई। शहर में ऐसा कोई वार्ड नहीं है, जहां गर्मी में नियमित रुप से बिजली की आपूर्ति हुई है। शहर के पॉश कॉलोनियां हो या स्लम बस्तियां। हर क्षेत्रों में बिजली कटी है। इससे लोगों को परेशान होना पड़ा है। बिजली वितरण कंपनी भी आपूर्ति बनाए रखने की कोशिश कर रही है। लेकिन बढ़ती खपत ने कंपनी की परेशानी बढ़ा दी है। कोरबा के साथ-साथ प्रदेश की स्थिति भी ठीक नहीं है। गर्मी के इस सीजन में बिजली की खपत प्रदेश में पीक आवर में सात हजार मेगावाट के पार पहुंच गई है। इसे बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार को 14.50 रुपए प्रति यूनिट के दर से बिजली खरीदनी पड़ रही है।



## राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस पर लोगों को कानूनी अधिकार व साइबर फ्राड से बचने की जानकारी दी

**कोरबा।** छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में दिनांक 25.04.2025 को राष्ट्रीय वित्तीस साक्षरता दिवस के अवसर पर लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा के कौन्सलों द्वारा एस.बी.आई. आर.सी.टी. में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।श्री नंदकिशोर पासवान, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा द्वारा वित्तीय साक्षरता के बारे में प्रकाश डाला। सीमा नायक, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा ने पैसे का महत्व एवं स्वरोजगार की जानकारी प्रदान की। श्री प्रमोद तिवारी, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा द्वारा पैसे कमाने का हुनर एवं बचत करने के तरीके बताये गये एवं श्री विपिन मिश्रा, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा ने निःशुल्क विधिक सेवा की जानकारी दी। उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से साइबर अटैक, जीवन सुरक्षा बीमा, जीवन बीमा, वित्तीय प्रबंधन, व्यावसायिक गुण, बचत करने के तरीके एवं नालसा स्कीम की जानकारी प्रदान किया गया।

उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में आर.सी.टी. के ट्रेनर सुरंजना बिसवाल, ललीता नाग, ऋषिकर भारती, समाज सेवी आकाश कुमार, एलआईसी विकास अधिकारी किशन दास एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र श्री अहमद खान सहित 30 लाभार्थी उपस्थित थे।

# श्रमिकों में राष्ट्रीय चेतना का जागरण कर रहा भामसं

### शंखध्वनि सिंह ने की सम्मेलन की अध्यक्षता



**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के द्वारा20 अप्रेल को प्रदेश स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन भिलाई में किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग तीन सौ युवा प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सम्मेलन के प्रारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंखध्वनि सिंह बनाफर, सम्मेलन के उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री और बिजली उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री और मध्य क्षेत्र प्रभारी सुनील किरवई और कार्यक्रम के संचालनकर्ता प्रदेश के महामंत्री श्री दिनेश कुमार पांडेय जी के द्वारा भगवान् विश्वकर्मा, भारत माता और श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में जायसवाल ने युवा सम्मेलन के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवा कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं अनुभव बढ़ता है और उनका संपर्क भी प्रदेश के अन्य कार्यकर्ताओं से होता है तथा प्रदेश भर के श्रमिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त होती है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री सुनील किरवई जी ने भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संगठन सिर्फ वेतन भत्तों के लिए ही नहीं वरन श्रमिक वर्ग में राष्ट्रीय चेतना के विकास के लिए निरंतर कार्य करने वाला श्रमिक संगठन है, हमारे लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि है और यहाँ पद स्थाई नहीं होता कार्यकर्ता ही स्थाई होता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रदेश महामंत्री श्री दिनेश कुमार पांडेय जी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के सत्तरवें वर्ष में प्रवेश पर पूरे प्रदेश के सभी जिलों और इकाइयों में वर्ष भर समाज में पंच परिवर्तन का लक्ष्य लेकर पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जागरण और नागरिक कर्तव्य के विषयों को लेकर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया है और इसके अतिरिक्त वृहद श्रमिक संपर्क अभियान के तहत प्रदेश के सभी प्रकार के संगठित, असंगठित, कृषि मजदूर, स्कीमी वर्कर, गिग वर्करों तक लगभग पांच लाख श्रमिकों से सीधा संपर्क कायम किया गया है। इसी कड़ी में युवा सम्मेलन का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यही युवा आगे चलकर प्रदेश के मजदूर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। *कार्यक्रम बीच वैशाली नगर के युवा विधायक श्री रिकेश सेन और श्रम कल्याण मंडल (छ.ग.) के नवनियुक्त अध्यक्ष और भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व नेता श्री योगेशदत्त मिश्रा जी ने सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शंखध्वनि सिंह बनाफर ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। श्री शंखध्वनि सिंह बनाफर ने बताया कि उपरोक्त युवा सम्मेलन में बिलासपुर विभाग के जिला बिलासपुर,मुंगेली और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिलों से एस ई सी एल, एन टी पी सी, विद्युत कर्मचारी,नगर निगम कर्मचारी ,मध्याह्न भोजन, आंगनबाड़ी कर्मी सहित बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के युवा पदाधिकारी शामिल हुए।

### एक वर्ष में 4 हजार से अधिक उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की हुई जाँच

## उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य केंद्रों में होती है निशुल्क जांच



**कोरबा ।** जिला अस्पाताल एवं मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच और उपचार की व्यवस्था है। यहां महिला चिकित्सक व गायनकोलॉजिस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है, उन्हें प्रसव से संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ जन्म से पहले आवश्यक देखरेख और सावधानी के विषय में बताया जाता है। किसी प्रकार की समस्या आने पर गायनकोलॉजिस्ट द्वारा उपचार किया जाता है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बुधवार और माह के प्रति 9 तथा 24 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गायनकोलॉजिस्ट उपचार एवं परामर्श हेतु निर्धारित समय पर उपस्थित होती है। जिसमें कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्यांग में माह के प्रथम बुधवार को, लेमरू में चौथे बुधवार को, पाली के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सपलवा में माह के प्रथम बुधवार को, हरदीबाजार में चौथे बुधवार को, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत पसान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में माह के प्रथम बुधवार को, जटगा में चौथे बुधवार को, करतला के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरगबुंदिया में माह के प्रथम बुधवार को, कोथारी में द्वितीय बुधवार को, फरसवानी में तृतीय बुधवार को और चिकनीपाली में चौथे बुधवार को, कटघोरा ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका में प्रथम बुधवार को तथा चाकाबुड़ा में चौथे बुधवार को गायनकोलॉजिस्ट महिला चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच तथा उपचार की जाती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के अंतर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी माह के 9 और 24 तारीख को गायनकोलॉजिस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच तथा उपचार किया जाता है। यहां गर्भवती महिलाओं की जांच कर जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर आवश्यक जांच, सलाह तथा उपचार प्रदान किया जाता है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निगरानी में रखने के साथ आवश्यकता पड़ने पर उपचार के लिए बुलाया जाता है, ताकि वे प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य रहे। उन्हें आवश्यक लैब जांच की सुविधा भी प्रदान की जाती है। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में कोई भी गर्भवती महिला निशुल्क जांच करा सकती है और उपचार प्राप्त कर सकती है। जिले में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक कुल 4060 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच की गई है, जिसमें करतला ब्लॉक में 441, कटघोरा में 779, कोरबा में 594,पाली में 607,पोड़ी उपरोड़ा में 671 और ष्शहरी क्षेत्र में 977 की जांच की गई है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सभी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित दिवस में गायनकोलॉजिस्ट महिला चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं और कोई भी गर्भवती महिला जांच तथा समय पर उपचार से वंचित न हो। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का गाइडलाइन के अनुसार समय पर जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की स्थिति का पता शुरूआती जांच में पता लग जाएं और उनका उपचार समय पर हो, ताकि प्रसव सुरक्षित हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के उपचार से संबंधित जानकारी और गायनकोलाजिस्ट की उपस्थिति की जानकारी प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए।

# सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण करें निराकरणः अजीत वसंत

### भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में करें पूर्ण

### संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया जाए। कोई भी आवेदन लंबित न रहे। कलेक्टर ने एनएचएम के भर्ती प्रक्रिया निश्चित समय सीमा में पूर्ण न करने पर संबंधितों के विरूद्ध कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओं को दिए। उन्होंने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शत प्रतिशत संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराएं जावे। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वस्थ अमले को निर्देशित किया कि विशेष पिछड़ी जनजाति वाली ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता से टीबी मुक्त किया जाए।

समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केशरी तथा समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, डीपीएम,समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त बीपीएम एवं विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ एस एन केशरी द्वारा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को अपने ड्यूटी टाइम में चिकित्सालय में उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीवीटीजी बसाहटों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। शिविर में उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण, खून, शुगर, बीपी की जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने आदि जैसे अनेक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभांवित करने के लिए कहा। इन बसाहटों में टीबी मरीजों का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें दवाइयां, निक्षय मित्रों के माध्यम से तथा टेस्ट का रेशियो पूरा करने की बात कही। उन्होने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड एवं दिव्यांग प्रमाणपत्र प्राथमिकता से बनायें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी केंद्रों में आवश्यक सभी दवाइयां की शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिले में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शत प्रतिशत प्रसव संस्थागत कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सब हेल्थ सेंटर में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा। इस हेतु मितानिनों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीयन उनका नियमित स्वास्थ्य जांच एवं फालोअप लेने की बात कही। उन्होंने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु आवश्यक सभी प्रयास करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की टीका, कुष्ठ उन्मूलन, क्षय रोग, टी.बी. एड्स, हाइपरटेंशन, अंधत्व निवारण, चश्मा वितरण, विटामिन दवा, मनोरोग चिकित्सा, लैब आन व्हील्स कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ मद के तहत नियुक्त किए गये चिकित्सकों के ड्यूटी कार्य की जानकारी ली। उन्होंने डीएमएफ एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी रिक्त पदों पर शीघ्र ही भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होने चयनित चिकित्सक या अन्य अभ्यर्थियों के द्वारा ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों का चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित गायनकोलॉजिस्ट द्वारा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच स्वास्थ्य केंद्रो में समय पर सुनिश्चित की जाएं और उसका फॉलो अप ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जरूर लेवें।

कलेक्टर ने जिला आयुर्वेद अधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष विभाग अंतर्गत ओपीडी और आईपीडी का संचालन जल्दी प्रारंभ कराया जाएं ताकि आम नागरिकों को लाभ मिल सके।उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराए। कलेक्टर ने शासकीय चिकित्सालयों में वेंडरों के द्वारा सप्लाई की गई चिकित्सा उपकरणों की जांच स्पेशिफिकेशन के अनुसार करने तथा सामग्री के टूट-फूट होन पर उसे वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ उदय शर्मा को निर्देशित किया कि योग शिविर, जीवन पद्धति में सुधार, तनावमुक्त जीवन शैली के लिए श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में लगाकर लोगों को लाभन्वित किया



# छात्राएं सीख रहीं व्यवसाय संचालन की गतिविधियां

**कोरबा ।** गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल साडा में अध्ययनरत रिटेल की छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत ग्रीष्मकालीन गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत छात्राओं को व्यावसायिक गतिविधि संचालन की गतिविधियां सिखाई जा रही हैं। साडा कन्या स्कूल में समग्र शिक्षा के तहत संचालित व्यावसायिक शिक्षा ट्रेनिंग पार्टनर अपग्रेड के तहत इस वर्ष रिटेल की 9वीं की छात्राओं को प्राचार्य रणधीर सिंह व व्यावसायिक प्रशिक्षक सुमिता चौधरी के मार्गदर्शन में रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में ग्रीष्मकालीन गतिविधि के दौरान ऑन जॉब ट्रेनिंग कराई जा रही है। इसका उद्देश्य छात्राओं को रिटेल व्यवसाय से संबंधित प्रायोगिक कार्य जैसे पीओएस पर कार्य करना, कस्टर हैडलिंग, टैगिंग, लेबलिंग, प्रोडक्ट डिस्प्ले, इंवेंटरी मैनेजमेंट आदि से संबंधित जानकारी देना है। रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में जॉब रोल स्टोर संचालन सहायक स्टोर मैनेजर करण गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्य करने के तरीकों को सिखाया जा रहा है। रिटेल क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए इन सभी गतिविधियों से छात्राओं को अपना भविष्य बनाने में सहायता मिलेगी।

# इंडिया स्टील सम्मेलन में उद्योग मंत्री देवांगन ने हिस्सा लिया, निवेश का आव्हान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने मुंबई में आयोजित 'इंडिया स्टील 2025' सम्मेलन में भाग लिया। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ की केंद्रीय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा देश को इस्पात उत्पादन का वैश्विक केन्द्र बनाने में छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस दौरान उन्होंने राज्य के इस्पात उद्योग के विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की और उद्योगपतियों को राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बनने का आह्वान किया

यह सम्मेलन 24 से 26 अप्रैल 2025 तक बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर , मुंबई में आयोजित किया गया है। यह आयोजन भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा भी उपस्थित रहे।उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ स्टील कैपिटल ऑफ इंडिया है। हमारे पास देश के लौह भंडार का 18 प्रतिशत है। हमारे यहां की बैलाडीला खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क को गुणवत्ता के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा ग्रीन स्टील से जुड़ी तकनीक को अपनाने में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

उन्होंने बताया स्टील सेक्टर की बड़ी संभावनाओं को देखते हुए ही हमने प्रदेश में नई औद्योगिक नीति बनाई है। इस नीति में स्टील जैसे कोर सेक्टर पर सबसे ज्यादा फोकस है। हम स्पंज आयरन और स्टील यूनिट्स पर 150 प्रतिशत तक इंसेंटिव और छूट दे रहे हैं। सिंगल विंडो सिस्टम, इज आफ डूइंग बिजनेस और स्पीड आफ बिजनेस का सबसे अधिक लाभ स्टील सेक्टर को मिल रहा है। बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए हम 118 एकड़ क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कर रहे हैं। श्री देवांगन ने कहा कि हमने दिल्ली, मुंबई, बंगलुरू और रायपुर में इंवेस्टमेंट समिट किये हैं जिसमें साढ़े चार लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन त्वरित गति से किया जा रहा है। हाल ही में सेमीकंडक्टर प्लांट का भूमिपूजन इसका बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने बताया नई औद्योगिक नीति के तहत सर्वाधिक निवेश प्राप्त करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ शीर्ष दस राज्यों में शामिल हो चुका है। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, संचालक श्री प्रभात मलिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री विश्वेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## उरगा-चांपा हाईवेः एंट्री पॉइंट में धूल से सेहत हो रही खराब

**कोरबा।** यह तस्वीर उरगा-चांपा हाईवे की है। कोरबा की ओर से हाईवे की एंट्री पॉइंट पर 100 मीटर की सड़क 3 साल बाद भी नहीं बन पाई। धूल का गुबार उड़ने से सड़क भी नजर नहीं आता है। इसकी वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से रोज 3 हजार वाहन आवाजाही करते हैं।630 करोड़ की लागत से बन रही फोरलेन सड़क का काम एंट्री पॉइंट पर रुका हुआ है। यहां की जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया ही 3 साल बाद पूरी नहीं हो सकी है। इसके आगे से ही बिलासपुर से उरगा के बीच बन रही इकोनामिक कॉरिडोर की फोरलेन सड़क गुजर रही है। जिसकी वजह से 24 घंटे यहां पर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। धूल उड़ाने के कारण कई बार लोग भारी वाहनों में टकरा चुके हैं। एनएचएआई का कहना है की जमीन मिलने पर सड़क बनाने में समय नहीं लगेगा। लेकिन यहां लोग 3 साल से परेशान हैं।

# एयूःपरीक्षा फॉर्म भरने 5 मई तक दिया अवसर

कोरबा। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी संबद्ध कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए कभी राहत तो कभी उलझाने वाले सर्कुलर जारी करने से पीछे नहीं रह रहा है।अब ऐसे आदेश से परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों में वास्तविक तिथि को लेकर कन्फ्यूजन पैदा होता है। इससे उनकी परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित होती है। यहां बताना होगा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा हो चुकी है। परिणाम भी जारी हो चुके हैं। ऐसे में उन छात्रों को अब द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा देनी होगी। इस परीक्षा की तैयारी में जुटे स्वाध्यायी व नियमित के छात्र परीक्षा की निश्चित तिथि को लेकर परेशान हैं। यह स्थिति इसलिए भी पैदा हो रही है, क्योंकि एयू ने 23 अप्रैल को एक अधिसूचना जारी की। इसमें सभी शासकीय अशासकीय कॉलेजों में प्रवेशित स्नातक के छात्रों की द्वितीय सेमेस्टर की अस्थाई समय-सारणी जारी कर परीक्षा की संभावित तिथि घोषित की, लेकिन इस पर कोई अंतिम निर्णय होता, इसके अगले ही दिन अर्थात 24 अप्रैल को फिर एक अधिसूचना जारी कर दी।इस अधिसूचना में उक्त छात्रों को राहत देने की कोशिश की गई है, जिन्होंने अब तक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। ऐसे छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदन करने 5 मई तक का समय दे दिया है। एयू के परीक्षा नियंत्रक द्वारा 23 अप्रैल को जारी अधिसूचना में परीक्षा की अस्थाई समय सारणी घोषित की गई है। इसमें बताया है कि सत्र 2024-25 के? लिए सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में प्रवेशित स्नातक (बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस, बीसीए, बीबीए, बीकॉम नियमित व स्वाध्यायी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए समय-सारणी विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

## शिव महापुराण कथा में गणेशजी की महिमा का किया वर्णन

**जांजगीर चांपा।** ग्राम पंचायत किरारी के गुरुवाईंन दाई मंदिर परिसर में दोनों पंचकुंडीय महा पशुपतय यज्ञ एवं श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।



ग्राम किरारी में पंचकुंडीय महा पशुपत्य यज्ञ व शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण दुबे ने शिव पुराण में श्री गणेश और कार्तिकेय के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। शिव पुराण के अनुसार, गणेश को माता-पिता के प्रति उनकी भक्ति के कारण प्रथम पूज्य का वरदान मिला था। कार्तिकेय ने तारकासुर का वध करने के लिए जन्म लिया था। कथा के अनुसार इस परिक्रमा के बाद जब कार्तिकेय अपने माता-पिता के पास पहुंचे तो देखा कि गणेश पहले ही मौजूद थे।

कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण दुबे ने कहा कि गणेश के इस मातृ एवं पितृ भक्ति को देख भगवान शंकर और पार्वती ने किसी भी कार्य को करने के पहले भगवान गणेश की पहली पूजा का वरदान दिया। कथा सुनने के लिए प्रतिदिन आसपास एवं दूर दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। व्यासपीठ द्वारा प्रतिदिन अपराह्न 4 बजे से कथा का वाचन किया जा रहा है। 30 अप्रैल गुरुवार को हवन पूर्ण आहुति सहस्त्रधारा तुलसी वर्षा के साथ कथा विश्राम होगा।

# नदी में ट्रक गिरने से किसी तरह बचा चालक, छोटा भाई लापता

**जांजगीर चांपा।** रायगढ़ से बलौदाबाजार जा रही एक ट्रक भेड़ीकोना के बोराई नदी पुल से अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों की सतर्कता से ट्रक चालक शिव साहू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। चालक का भाई दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से सामान निकालने के लिए नदी में उतरा। लेकिन इसके बाद से उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घोघरी निवासी शिव साहू बीते शुक्रवार की देर रात रायगढ़ से बलौदाबाजार की ओर ट्रक में सामान



लेकर जा रहा था। हसौद डभरा मुख्य मार्ग पर स्थितभेड़ीकोना पुल के पास ट्रक का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और वाहन पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में जा गिरा। हादसे के दौरान पुल के समीप मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत चालक को ट्रक की केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पर हसौद पुलिस व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से उसे गंभीर अवस्था में बिलासपुर रेफर कर दिया गया। इधर शनिवार सुबह लगभग 9.30 बजे घायल चालक का भाई नूतन

साहू दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से सामान निकालने के लिए नदी में उतरा। पहले प्रयास में उसने ट्रक की चाबी तथा दूसरे प्रयास में मोबाइल बाहर निकाला। लेकिन जब वह तीसरी बार ट्रक के केबिन में समान लेने गया, तब से वापस नहीं लौट सका। आशंका जताई जा रही है कि नूतन साहू ट्रक के केबिन में फंसकर नदी में डूब गया है गया है। परिजन और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल, खोजबीन शुरू की।

हसौद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनवर अली और छपोरा की पुलिस ने मौके पर मोर्चा संभाल लिया है। साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर तैनात है और लापता युवक की तलाश में युद्धस्तर पर अभियान चला रही है। नदी के

जलस्तर को कम करने के लिए नजदीकी डैम के गेट खोल दिए गए हैं ताकि सर्च ऑपरेशन में तेजी लाई जा सके।

**भेड़ीकोना पुल पर आए दिन हो रहे हादसे**

भेड़ीकोना स्थित बोराई नदी पर बना यह पुल पूर्व में भी कई दर्दनाक हादसों का साक्षी रहा है। पुल की जर्जर स्थिति, कमजोर रेलिंग और संकरी चौड़ाई के चलते यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अब तक कई ट्रक और भारी वाहन पुल से अनियंत्रित होकर नदी में गिर चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। स्थानीय निवासियों ने एक बार फिर प्रशासन से पुल की मरम्मत, चौड़ीकरण तथा मजबूत सुरक्षा इंतजाम की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मीडियाकर्मी व उसके भाई के साथ मारपीट, पुलिस के साथ भी झूमाझटकी

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा नगर के शाखी चौक में 20 अप्रैल को जाम लगने एवं मारपीट का कवरेज कर रहे मीडिया कर्मी एवं अन्य युवकों का विवाद 25 अप्रैल की रात 9 बजे इतना बढ़ गया कि उग्र भीड़ के सामने बेबस पुलिस के द्वारा स्वयं को पुलिस थाने में बंद करने को विवश होना पड़ गया। पुलिस द्वारा किसी तरह उग्र भीड़ को थाने से बाहर निकाल कर थाने के मुख्य शटर एवं समस्त दरवाजे को बंदकर स्थिति संभाली गई।

अकलतरा में 20 अप्रैल की घटना को लेकर मीडिया कर्मी के द्वारा कुछ युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था वहीं दूसरे पक्ष से भी मीडिया कर्मी सहित अन्य युवकों के विरुद्ध एट्रोसिटी के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराई गई थी। 25 अप्रैल को रात 8.00 बजे पिकअप में कुछ युवकों के द्वारा लटिया

फाटक के पास मीडिया कर्मी के भाई एवं उसके मित्र की मारुति डिजायर कार के ऊपर पत्थर से कार का शीशा तोड़ने का प्रयास किया गया। इसके पश्चात पिकअप सवार युवकों के द्वारा शास्त्री चौक में लाठी एवं डंडा लहराकर शाखी चौक से गुजर रहे राहगीरों

एवं वहां के व्यापारियों के साथ गाली गलौज किया गया। जिससे भयभीत होकर शास्त्री चौक के व्यापारियों के द्वारा अपनी अपनी दुकान बंद कर दी गई। रात 8.45 बजे मीडियाकर्मी, उसका भाई एवं मित्र पुलिस थाना पहुंचे एवं अपने ऊपर हुए हमले की

जानकारी दे रहे थे इसी दौरान लगभग 200 की संख्या में उग्र भीड़ भी पुलिस थाना पहुंच गई। पुलिस थाने के अंदर मीडिया कर्मी एवं उसके भाई से मारपीट किया गया। मारपीट के दौरान पुलिस कांस्टेबल के द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो पुलिस कांस्टेबल के साथ भी झूमाझटकी की गई। पुलिस के द्वारा किसी तरह उग्र भीड़ को थाने से बाहर निकाल कर थाने के मुख्य शटर एवं समस्त दरवाजों को बंद कर उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। उच्च अधिकारियों को सूचना मिलने पर देर रात एडिशनल एसपी उमेश कश्यप एवं बलौदा थाना प्रभारी, पामगढ़ थाना प्रभारी, मुलमुला थाना प्रभारी सहित 70-80 पुलिस के जवान अकलतरा थाना पहुंचे तब तक भीड़ थाने से हट चुकी थी। पुलिस के द्वारा थाना एवं शास्त्री चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाल कर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।



### बाइक से बद्रीनाथ की यात्रा पर निकले विजय

**जांजगीर-चांपा।** जिला अस्पताल में एम्बुलेंस चालक के पद पर पदस्थ विजय थवाईत मोटर सायकल से बद्रीनाथ और केदारनाथ की यात्रा पर निकल गए है। विजय थवाईत दूसरी बार इस यात्रा के लिए रवाना हुए है। इसके पूर्व भी वे अपनी मोटर सायकल से बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम की यात्रा करके लौट चुके है। शुक्रवार 25 अप्रैल को विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद विजय दूसरी बार इस यात्रा पर निकले है। इस दौरान उनके परिजन के साथ जिला मुख्यालय जांजगीर में उनके साथियों एवं कचहरी चौक का राजा ग्रुप उन्हें इस यात्रा के लिए विदा किया गया।

## अंबेडकर सम्मान समारोह मे समाज के अलग अलग क्षेत्रों से करीब 250 लोगों का हुआ सम्मान

**जांजगीर चांपा।** अंबेडकर सम्मान समारोह मे अपने भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने जांजगीर आडीटोरायम का नाम डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के नाम रखने की। ओ पी चौधरी ने कि नेहरू-गांधी परिवार के नाम पर कई स्मारक बनाए गए, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का विचार नहीं किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू का कहना था कि स्मारक सरकार की बजाय आम जनता द्वारा बनाए जाने चाहिए। दूसरी ओर भाजपा सरकार ने बाबा साहेब को भारतरत्न से सम्मानित किया और लंदन, दिल्ली, मुंबई में उनसे संबंधित भव्य स्मारक बनवाए। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचाराधारा है। जिन्होंने जिस समतामूलक समाज का सपना देखा था। उसे कालांतर में भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने आगे बढ़ाने का काम किया और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब के सपनों को आगे बढ़ाकर देश के हर गरीब के रोटी, कपड़ा और मकान का सपना पूरा करने में जुटे है।

ओपी ने कहा कि आदिवासी और दलित समाज धीरे-धीरे यह समझने लगा है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का हमेशा अपने स्वार्थ के लिए उपयोग किया. यह जागरूकता कांग्रेस और विपक्षी दलों



में घबराहट पैदा कर रही है. मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में जनहित के कई बड़े कार्य किए गए हैं. उन्होंने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, पेपर लीक रोकने और पारदर्शी तरीके से नौकरियां देने की बात कही कार्यक्रम मे सासंद कमलेश जांगड़े वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल जिले के प्रभारी गिरधर गुप्ता पूर्व सांसद कमला पाटले पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहु नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल प्रदीप नामदेव लीलाधर सुल्तानिया संतोष लहरे अमर सुल्तानिया नंद चौधरी मोहन यादव रवि पांडेय राजकुमार साहू पुष्पेंद्र सिंह आशा साव विवेका गोपाल हितेश यादव पंकज अग्रवाल मुकेश जायसवाल संतोषी दुबे प्रेमलता कौशिक उमा सोनी डा धनेशवरी जाग्रति संतोष थवाईत समर्थ सिंह ध्वजाराम साहू विश्वनाथ प्रताप यादव महादेव नेताम मोतीलाल डहरिया सुशील सिंह दिनेश राठौर सोनु यादव शिव चमन ठाकुर राहुल थवाईत गोविंद यादव आनंद मोदी संतोष यादव कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा व आभार अमर सुल्तानिया ने किया

### चांपा नगर पालिका वार्ड 26 में भीषण जल संकट

**चांपा।** चांपा शहर के वार्ड नंबर 26 के निवासियों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है छुईहा तालाब के पास स्थित नया कॉलेज रोड सहित आसपास के इलाके में जल संकट की विकराल स्थिति बन गई है स्थानीय लोगों के अनुसार, वार्ड में पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। जो एकमात्र नल और दो बोरिंग हैं, वे वर्षों से बंद पड़े हुए हैं। एक बोरिंग बीते एक साल से बंद है, जबकि दूसरा बोरिंग पिछले दो सालों से बंद है। नल से जो पानी आता है, वह बेहद गंदा होता है और बहुत ही कम समय के लिए ही उपलब्ध रहता है कई बार तो आधे घंटे से भी कम। इस स्थिति ने खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अत्याधिक प्रभावित हों रहे हैं। पानी के लिए रोजाना कई घरों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कई बार सुबह सुबह ही लाइन में लगना पड़ता है, फिर भी कई लोगों को पानी नहीं मिल पाता। इससे पूरे वार्ड में तनाव और असंतोष का माहौल बन गया है। लोगो ने पार्षद रामसिंह गोड को अपनी समस्या बताने पर न तो फोन उठाते हैं और न ही आमने-सामने बात करने को तैयार होते हैं ऐसे में वार्डवासियों का कहना है कि हम सभी ने वोट देकर जिताया है जो हमारी समस्याओं का निराकरण कर सके लेकिन पार्षद के द्वारा ना तो फोन उठाया जाता है नहीं समस्या को सुना जाता है इस तरह व्यवहार करना लोगो का समझ से परे हो गया है नाराज वार्डवासियो ने कहा कि यदि जल संकट का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करेंगे। उन्होंने प्रशासन और नगर पालिका से तत्काल जल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था और वर्षों से बंद पड़ी बोरिंग को चालू कराने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या को लेकर कितनी तेजी से कदम उठाते हैं।

***जांजगीर।** मरम्मत के अभाव में नहर के अंतिम छोर(टेल एरिया) के खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है। उद्योगों से 300 से 500 करोड़ रुपए तक की कमाई होने के बाद भी सिंचाई विभाग नहर की मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहा है।

# जिला लाइवलीहुड कॉलेज में फर्जीवाड़े का खुलासा

**सहायक परियोजना अधिकारी मयंक शुक्ला और लेखापाल ऋचा अग्रवाल पर कार्रवाई की मांग**

**जांजगीर-चांपा।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर-चांपा में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना (सीएमकेवीवाई) एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। हाल ही में एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें छात्रों की अनुपस्थिति के बावजूद उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जा रही है और वह भी फिंगरप्रिंट क्लोनिंग के जरिए।

यह घोटाला कथित रूप से सहायक परियोजना अधिकारी मयंक शुक्ला और लेखापाल ऋचा अग्रवाल की निगरानी में हो रहा है। शिकायतकर्ता प्रशांत राठौर द्वारा कलेक्टर को भेजे गए पत्र व वीडियो में बताया गया है कि कॉलेज परिसर में लगे 14 से 15 सीसीटीवी कैमरों के सामने खुलेआम यह फजीर्वाड़ा किया जा रहा है। आरोप है कि इन अधिकारियों की मौन सहमति और ट्रेनिंग पार्टनरों की मिलीभगत से फिंगरप्रिंट्स के क्लोन तैयार किए गए हैं, जिनसे अनुपस्थित छात्रों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है।




इस गड़बड़ी का सीधा फायदा ट्रेनिंग पार्टनरों को मिल रहा है, जो छात्रों की फर्जी उपस्थिति के आधार पर सरकारी धन का लाभ ले रहे हैं। प्रशिक्षण न होने के बावजूद बैच डिलीट नहीं होते और उन्हें भुगतान मिलता रहता है। यह न केवल शासन को आर्थिक नुकसान पहुँचा रहा है, बल्कि उन जरूरतमंद युवाओं को भी नुकसान हो रहा है, जिन्हें वास्तव में इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। फिंगरप्रिंट क्लोनिंग जैसी तकनीक का इस प्रकार का दुरुपयोग न केवल प्रशासनिक विफलता को दशार्ता है, बल्कि यह गंभीर साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह तकनीक और भी गंभीर आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल हो सकती है। शिकायतकर्ता प्रशांत राठौर ने कलेक्टर से मांग की है कि दोषी अधिकारियों मयंक शुक्ला और ऋचा अग्रवाल को तत्काल बर्खास्त किया जाए और ट्रेनिंग पार्टनरों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

उन्होंने अपने पत्र में यह भी आग्रह किया है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए ताकि अन्य स्थानों पर भी इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। यह मामला अब केवल एक संस्थान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे कौशल विकास ढांचे पर सवाल खड़ा कर रहा है। यदि इस पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे योजनाओं की साख को गहरा आघात पहुँच सकता है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर प्रकरण पर क्या कदम उठाता है।

### 14 लीटर महुआ शराब और .540 लीटर देशी प्लेन शराब

**सक्ती।** सक्ती कलेक्टर और आबकारी अधिकारी के निर्देश पर 26 अप्रेल को वार्ड नंबर 4 देवरमाल थाना सक्ती निवासी संतराम सिदार पिता चरणदास के द्वारा अपने घर से महुआ शराब बिक्री की सूचना पर संतराम सिदार के घर की विधिवत तलाशी में ग्राहकों को बिक्री के लिए छिपा कर रखा 2 जरीकेनो में भरा 8 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34(2) 59 के तहत प्रकरण दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इसी तरह ग्राम उपकाचुंआ थाना सक्ती निवासी राजकुमारी डनसेना पति निरंजन को हरे रंग की प्लास्टिक बोतल में रखा 2 लीटर महुआ शराब जो ग्राहकों को बेचने के लिए छिपा कर रखी गई थी बरामद किया गया।साथ ही 4 प्लास्टिक के डिब्बों में रखा 80 किलो महुआ लाहन भी बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया।वार्ड नंबर 16 निवासी विनोद धिरहे पिता रामलाल के द्वारा अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर 4 लीटर महुआ शराब और 3 नग देशी प्लेन शराब के साथ पकड़ कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया।उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त - सक्ती प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम में आबकारी आरक्षक विष्णु कौशिक, संजीव भगत आबकारी स्टाफ भारती यादव और वाहन चालक कमलेश यादव का सराहनीय योगदान रहा.।

## धीवर समाज के सम्मेलन में मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**जांजगीर नैला।** धीवर समाज महासभा बिलासपुर संभाग का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह शुक्रवार को सांस्कृतिक भवन जांजगीर में आयोजित हुआ। आराध्य देव श्री रामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम शुरू की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत धीवर समाज के द्वारा चंदन तिलक, फूलमाला, श्रीफल, गमछा भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, धीवर समाज महासभा बिलासपुर संभाग के संरक्षक आरएल धीवर मंचस्थ रहे। अध्यक्षता धीवर समाज महासभा बिलासपुर के अध्यक्ष देवव्रत भीष्म ने की। सम्मान समारोह के अंतर्गत पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव-2025 में निर्वाचित हुए स्वजातीय जनप्रतिनिधियों तथा चुनाव में भाग लेने वाले स्वजातीय योद्धाओं का स्वागत एवं सम्मान प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो प्रदान कर किया गया। साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं कक्षा 10 धीवर रजगामार 91.8 प्रतिशत, द्वितीय न्यासा पिता मंगलू राम धीवर केरा 90.33 प्रतिशत, तृतीय स्नेहा पिता ईश्वर धीवर सिउंड 88 प्रतिशत व कक्षा 12 वीं में प्रथम अक्ती पिता खोलबहरा धीवर भैंसो 83.4 प्रतिशत, द्वितीय शाति कुमार पिता रामप्रसाद धीवर बनारी 78.8 प्रतिशत, तृतीय मुस्कान पिता दशरथ धीवर किरीत 74.6 प्रतिशत को प्रथम 5000 रुपए, द्वितीय 3000 रुपए एवं तृतीय 2000 रुपए स्व. लक्ष्मी प्रसाद धीवर की स्मृति में मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**इनका भी हुआ सम्मान**

खेलकूद के क्षेत्र में कुल 10, कला के क्षेत्र में कुल 5 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर किया गया। सक्रिय समाज सेवक के रूप में उल्लेखनीय योगदान के लिए रामनारायण धीवर पूर्व पार्षद बलौदा, भागीरथी धीवर रेंज अध्यक्ष नवागढ़, मनीष भीष्म महासभा मीडिया प्रभारी, राजेश धीवर कोरबा एवं विजय धीवर कोरबा को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। खर्चीली शादियों को नकार कर आदर्श विवाह करने वाले 3 जोड़ों को 5000 रुपए राशि से सम्मानित किया गया।

***चांपा।** पिछले वर्ष नगर के खनिज उद्योग संघ ने पीथमपुर मार्ग पर बड़ी संख्या में पौधे लगाए थे। पौधों को लकड़ी के घेरे से सुरक्षित भी किया गया था ताकि मवेशियों से बचाव हो सके। लेकिन पौधों को नियमित पानी और पोषण नहीं मिल पाया। नतीजा यह हुआ कि अधिकतर पौधे सूख गए।

## झेरिया धोबी समाज अड़भार परिक्षेत्र की हुई बैठक

**सक्ती।** परिक्षेत्र स्तरीय झेरिया धोबी समाज अड़भार की बैठक शाति पूर्वक नगर पंचायत अड़भार भवन में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक के पूर्व माँ नेता धोबी दाई संत शिरोमणि बाबा संत गाडगे की पूजा अर्चना कर फूल माला चढ़ाया गया। तत्पश्चात सामाजिक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। परिक्षेत्र धोबी समाज अड़भार की अध्यक्ष ओमप्रकाश शांडिल्य के सानिध्य में सभी पदाधिकारी एवं परिक्षेत्र सचिव तथा सभी सावजातीय बंधुवों और भाइयों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई। परिक्षेत्र स्तरीय धोबी समाज को एकजुट कर समाजीक विषयों पर चर्चा की गई।

आगामी के लिए चर्चा किया समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश शांडिल्य ने कहा की समाज में एकजुटता बनाए रखें और समस्त परिक्षेत्र में किसी तरह की समस्या आए तो परिक्षेत्र अध्यक्ष सहित पदाधिकारी की उससे अवगत कराएं। जिससे उसका समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि समस्त स्वजाती बंधु समाज से जुड़े एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लें। जिसे समाज और भी मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधि का मकसद किसी सामाजिक समस्या या जरूरत का समाधान करना और सामाजिक प्रभाव पैदा करना होता है। समाज के युवाओं के लिए कहा कि सामाजिक भावनात्मक शिक्षा से छात्रों को अपनी भावनाओं को समझने और प्रबंधित करने सकारात्मक संबंधन बनाने और जिम्मेदार फैसले लेने में मदद मिलती है। समाज कार्य एक व्यावसायिक सेवा है। यहां समस्या ग्रस्त लोगों को मदद देने का काम करता है। समाज कार्य सामाजिक विज्ञान है और यहां वैज्ञानिक और क्रमबद्ध ज्ञान की प्रणालियों पर आधारित है। अध्यक्ष ओमप्रकाश शांडिल्य ने बैठक को सफल बनाने के लिए समस्त परिक्षेत्र सहित पदाधिकारीयों को उनके सहयोग उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। उपाध्यक्ष लकेश्वर बरेठ सचिव हेमंत सोन, कोषाध्यक्ष बलिस्टर, सोनसरे, छैल बिहारी बरेठ प्रवक्ता, हितनारायण बरेठ, नीलांबर बरेठ, महेतर बरेठ, दिनेश बरेठ, दिलेश्वर बरेठ, हरप्रसाद बरेठ फल्ली बरेठ यशवंत कुमार बरेठ तुषार बरेठ नीरज बरेठ पोखर बरेठ महेंद्र बरेठ अशोक बरेठ लक्ष्मण बरेठ सुशील बरेठ महेश सहित लोग मौजूद रहे।

## गुबार के बीच लोहर्सी मार्ग पर चलने की मजबूरी

**गोधना।** ग्राम बोरदा और लोहर्सी को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बदहाल हालत में है। इस रास्ते से रोज सैकड़ों लोग गुजरते हैं। कॉलेज के विद्यार्थी भी इसी मार्ग से परीक्षा देने आते-जाते हैं। खराब सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्राम बोरदा निवासी नोखेलाल कश्यप ने बताया कि बरसात में सड़क पूरी तरह कीचड़ से भर जाती है। बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं। कीचड़ और गड्ढों के कारण पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। दुपहिया वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो जाता है। गर्मी के मौसम में सड़क पर धूल उड़ती है। धूल के गुबार से राहगीरों और वाहन चालकों की आंखों में जलन होती है।

सांस लेने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से सड़क मरम्मत की मांग की जा रही है। अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नोखेलाल कश्यप ने कहा कि ग्राम बोरदा और लोहर्सी के सरपंचों को मिलकर जल्द प्रस्ताव बनाना



चाहिए। प्रस्ताव अधिकारियों के सामने रखा जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क नहीं बनी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## अनमोल वचन......

पहले रोटी और फिर धर्म! सब बेचारे दरिद्री भूखों मर रहे हैं, तब हम उनमें व्यर्थ ही धर्म को ढूँसते हैं।

## पाकिस्तान बौखलाया हुआ

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले में मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित होने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारतीय एजेंसियां इस हमले से संबंधित सभी पहलुओं पर राणा से पूछताछ कर रही हैं। पूछताछ में हमले में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका की पुख्ता जानकारी मिल सकती है। इस बीच, पाकिस्तान का कश्मीर को लेकर अनर्गल पल्राप जारी है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले प्रवासी पाकिस्तानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर हमारे गले की नस थी, हमारे गले की नस रहेगी और हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के इस बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को उसे जल्द खाली करना पड़ेगा। लोगों को याद होगा कि पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने साफ शब्दों में कहा था कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसे खाली करना पड़ेगा। इसके पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी लंदन में एक समारोह में कहा था कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पीओके पर केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार का यह रुख निरंतर जारी है और अपनी गति पर है। यह बताता है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को भारत वापस लाने के लिए नई दिल्ली वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए प्रयासरत है। यहां के नागरिक पाकिस्तानी सरकार और सेना के जुल्म से मुक्ति पाने के लिए आंदोलनरत हैं। वे भारत जैसे लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश के साथ रहना चाहते हैं। पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में बन गई है, जो आतंकवाद का केंद्र है। कोई भी सभ्य नागरिक ऐसे देश में रहना नहीं चाहता। इसीलिए वहां के नागरिक पीओके के भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। उम्मीद है कि देर-सबेर उनका यह सपना पूरा होकर रहेगा।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में अच्छा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोकझोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**मिथुन राशिः** आज आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। आज आपको नए-नए अनुभव मिलेंगे। मानसिक उलझन का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज माता-पिता का सानिध्य व सहयोग मिलने से विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपको सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर समय बिताएंगे। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गए हैं।

**धनु राशिः** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान बनाएंगे। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**मकर राशिः** आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटो-मोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा होजाएगा। आज अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, आपको सफलता मिलेगी। । है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। कुछ लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे।

# कांग्रेस में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी

//अजय तिवारी//

**कांग्रेस को कसक है कि उसके पूर्व अध्यक्षों महात्मा गांधी और सरदार पटेल का राजनीतिक फायदा भाजपा उठा रही है। गुजरात के अहमदाबाद अधिवेशन के जरिए पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश भी दिया कि आगे कांग्रेस के इन दोनों नेताओं का फायदा राजनीतिक प्रतिद्विंद्वियों को नहीं उठाने देना है।**

अहमदाबाद अधिवेशन का एक मकसद 2027 के गुजरात चुनाव के लिए कांग्रेस को तैयार करना भी था। यही वजह है कि अधिवेशन में गुजरात पर अलग से प्रस्ताव भी लाया गया। प्रस्ताव में गुजरातियों को कुपोषण, नशा, बेरोजगारी से मुक्ति के सपने दिखाए गए हैं। जातिगत जनगणना और पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने का भी वादा किया गया है। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा है। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने स्पष्ट कर दिया कि निष्क्रिय और काम नहीं करने वाले नेताओं को रिटायर किया जाएगा। यह राहुल गांधी की ही लाइन है। पहली गाज जिला अध्यक्षों पर गिरेगी। इसकी शुरुआत गुजरात से की जा रही है। गुजरात में इस काम के लिए 42 केंद्रीय पर्यवेक्षक और 182 प्रदेश पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। राहुल गांधी ने रह कर नये जिला अध्यक्ष बनाने की पूरी प्रक्रिया खुद समझाई।

पार्टी ने महसूस किया है कि जिला और बूथ स्तर पर कमजोरियों की वजह से ही वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को शिकस्त नहीं दे पाती है। अहमदाबाद अधिवेशन का बड़ा मकसद पार्टी को जिला और बूथ स्तर पर मजबूत बनाना ही है। राहुल के शब्दों में पार्टी की नींव मजबूत किए जाने की जरूरत है यानी वह भी मान रहे हैं कि पार्टी की नींव हिल गई है। दरअसल, 300 से ज्यादा जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने अधिवेशन से पहले चर्चा की थी। उन्हें बताया गया था कि उम्मीदवारों के चयन में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी लेकिन खराब प्रदर्शन पर उन्हें हटाया भी जाएगा।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल खुद कहते हैं कि जिला अध्यक्षों के साथ ऐसी बैठक 20 साल बाद हुई है। अहमदाबाद अधिवेशन इस बात के लिए भी याद रखा जाएगा कि यह काफी व्यवस्थित था। इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे नेताओं को आयोजन स्थल पर प्रवेश से लगा कर भोजन और ठहरने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। ऐसी दिक्कतें कांग्रेस के आयोजनों में आम बात होती है क्योंकि वहां प्रायः जवाबदेही का अभाव रहता है। कांग्रेस के दिल्ली, उदयपुर और रायपुर के आयोजन शिकायतों से भरे रहे थे और ये शिकायतें कांग्रेस अध्यक्ष के पास तक भी पहुंची थीं। यहां तक कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी और श्रीनगर में भी इंतजामों की कमी थी।

अहमदाबाद अधिवेशन में दूसरे राज्यों से पहुंचे नेता यह देखकर चकित थे कि भाजपाशासित राज्य में पुलिस का रवैया बेहद सहयोगात्मक था। कार्यसमिति बैठक स्थल सरदार पटेल स्मारक, प्रार्थना सभा स्थल साबरमती आश्रम और अधिवेशन स्थल साबरमती रिबरफ्रंट या विमानतल-रेलवे स्टेशन पर किसी कांग्रेस नेता या पत्रकार को पुलिस ने रोका हो ऐसी घटना सामने नहीं आई। अहमदाबाद में कांग्रेस नेता खरगे-राहुल के सड़क किनारे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगे देख कर भी बाहर से आए नेताओं को आश्चर्य हुआ कि भाजपा की नगर निगम ने इन्हें आयोजन संपन्न होने तक नहीं हटाया!

दक्षिण की राजनीति को प्रभावित कर रहे परिसीमन का कांग्रेस के प्रस्ताव में जिक्र नहीं होना वहां के नेताओं को अच्छा नहीं लगा। पचास करोड़ श्रमिकों को प्रभावित करने वाले लेबर कोड को भी प्रस्ताव में जगह नहीं देने से श्रमिक वर्ग में अच्छा संदेश नहीं गया है। प्रस्ताव में एमएसपी की कानूनी गारंटी और किसान आंदोलन को दबाए जाने का जिक्र है लेकिन किसानों को खदड़ने वाली पंजाब की आप सरकार की आलोचना नहीं करने से इस चर्चा को बल मिला है कि गुजरात में केजरीवाल से फिर हाथ मिलाया जा सकता है। पंजाब की आप सरकार ने एक साल पुराने किसान आंदोलन को बलपूर्वक कुचल दिया था और किसानों को जेल में डाल दिया था। अधिवेशन में इस पर गंभीरता से चर्चा नहीं हुई, प्रस्ताव में भी सिर्फ जिक्र भर है।

अधिवेशन में नेता और कार्यकर्ता के बीच पैदा हो गई दूरी को कम करने पर भी विचार नहीं किया गया। पार्टी सरकार में नहीं है फिर भी पदाधिकारी और नेताओं का मिलना तो दूर उनके दर्शन तक दुर्लभ हैं। कांग्रेस के नेता ही नहीं प्रवक्ता भी अहंकारी हो गए हैं, यह बात हाई कमान को दिखाई नहीं देती। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे हों या राहुल उनके यहां से अब कार्यकर्ताओं को पत्रों के जवाब नहीं मिलते। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अनुसूचित जाति के कार्यकारी अध्यक्ष ने भूमाफिया के दबाव में पिछले साल आत्महत्या कर ली थी, जब आत्महत्या पूर्व लिखे गए पत्र के आधार पर एफआईआर नहीं हुई तो उनकी बेटी ने मदद के लिए खरगे, राहुल, प्रियंका को पत्र लिखे। इस मामले में उसे डेढ़ महीने बाद भी किसी का जवाब नहीं मिला। इस पत्र में उसने यह भी लिख दिया था कि जब कांग्रेस अनुसूचित जाति के अपने कार्यकर्ता के परिवार को न्याय नहीं दिलाती है तो जय बापू-जय भीम-जय संविधान का नारा कैसे लगाती है! कांग्रेस के सबसे पुराने संगठन सेवादल में असंतोष का विषय भी है, इसे भी हाई कमान नजरंदाज किए हुए है। सेवादल के प्रमुख गुजरात से ही आते हैं,अच्छा होता कि खरगे-राहुल अधिवेशन के दौरान ही इस असंतोष को दूर कर देते।

कांग्रेस में कहा जा रहा है कि जब प्रदर्शन और जवाबदेही के आधार पर जिला और ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाएंगे तो पार्टी पर क्षत्रपों का दखल कम होगा। राहुल क्षत्रपों की गुटबाजी को इसी फामरूले से खत्म करना चाहते हैं। हालांकि इस फार्मले पर अमल कैसे होगा, इसको लेकर पार्टी के भीतर काफी सवाल हैं। ऐसे जिला अध्यक्ष जिनका कोई कारोबार नहीं है, वे पार्टी के रोजमर्रा के खर्च कैसे चलाएंगे। राहुल फामरूले में यह भी है कि निचले स्तर पर नेतृत्व संभालने वाले नेताओं को पार्टी के रोजमर्रा के खर्च और कार्यक्रमों के लिए खुद ही धन जुटाना है। सवाल यह भी है कि पार्टी में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी है, उन्हें घर बैठाना क्या वास्तविक रूप से संभव होगा।

# एशिया-अफ्रीका मैत्री का प्रतीक बांडुंग

//उमेश चतुर्वेदी//

**बांडुंग सम्मेलन में एशियाई-अफ्रीकी देशों ने उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद से मुक्ति की साझा भावना के साथ 29 देशों और क्षेत्रों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता एकत्रित हुए थे। जिसकी अध्यक्षता इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो ने की थी और इसमें एशिया से 23 और अफ्रीका से 6 देश शामिल थे। इंडोनेशिया का खूबसूरत शहर है बांडुंग... बांडुंग की जो चीज लोगों को सबसे ज़्यादा पसंद है, वह है शहर का ठंडा मौसम...शायद इस शहर की ठंडी तासीर ही थी कि शीत युद्ध की गर्मी के खिलाफ अफ्रीका और एशिया के देशों ने ठीक सत्तर साल पहले 1955 में यहां जुटान रखी और दो ध्रुवों में तब बंटी दुनिया की बजाय अपनी अलग राह चुनी। बीते 18 अप्रैल को इस शहर ने एशिया-अफ्रीकी संबंधों और आपसी सहयोग की नई नींव रखने की सतरवीं सालगिरह मनाई है। सत्तर साल पहले इस आयोजन को बांडुंग सम्मेलन कहा जाता है। इसी सम्मेलन के छह साल बाद 1 से 6 सितंबर, 1961 के बीच तत्कालीन यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी गई।**



बांडुंग सम्मेलन को विशेष रूप से एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन के नाम से जाना जाता है। यहां के एक नागरिक पोपोंग ओत्जे जुंजुनन ने चीनी समाचार एजेंसी जिन्हुआ से उस सम्मेलन को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि 1955 में जब यह ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था, तब बांडुंग आज के इंडोनेशिया से बिल्कुल अलग तरह का था। इस सम्मेलन में एशियाई-अफ्रीकी देशों ने उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद से मुक्ति की साझा भावना के साथ 29 देशों और क्षेत्रों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता एकत्रित हुए थे। जिसकी अध्यक्षता इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो ने की थी और इसमें एशिया से 23 और अफ्रीका से 6 देश शामिल थे।इस बीच इंडोनेशिया ने शिक्षा, अर्थव्यवस्था और परिवहन में प्रगति के माध्यम से पिछले सात दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसी दौरान इंडोनेशिया-चीन सहयोग के चलते जकार्ता-बांडुंग हाई-स्पीड रेलवे चल रही है। जिसकी वजह से दोनों शहरों की दूरी अब चार घंटे की बजाय महज 30 मिनट में पूरी हो जाती है। पोपोंग ने हाल ही में बांडुंग स्थित अपने घर पर शिन्हुआ को बताया, इसी बांडुंग सम्मेलन के बाद तकरीबन सभी देशों से उपनिवेशवाद ख़त्म हो गया है और अब एशियाई और अफ्रीकी देश आर्थिक और राजनीतिक रूप से अपना पुनर्निर्माण कर रहे हैं। वैश्विक विकास मानवीय संबंधों, विशेषकर सीमा पार संबंधों को लेकर इस सम्मेलन के देश आगे बढ़ रहे हैं। इसकी ही वजह से आज एशिया और अफ्रीका के देश नजदीक आ रहे हैं और उनकी आर्थिकी एक-दूसरे पर निर्भर करती है। बांडुंग में इस बार सिर्फ औपचारिक आयोजन हुआ। लेकिन बांडुंग अब एशिया और अफ्रीका के घने होते रिश्तों का प्रतीक बन गया है।

सम्मेलन के मुख्य सिद्धांत राजनीतिक आत्मनिर्णय, संप्रभुता के लिए परस्पर सम्मान, गैर-आक्रामकता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना और समानता थे। ये मुद्दे सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए केंद्रीय महत्व के रहे, जिनमें से अधिकांश हाल ही में औपनिवेशिक शासन से उभरे थे। इन्हीं सिद्धांतों को गुटनिरपेक्षता की नीति के मुख्य उद्देश्यों के रूप में बाद में अपनाया गया था। औपनिवेशिक डच ईस्ट इंडीज काल के दौरान बांडुंग का आधिकारिक नाम बांडोएंग था। बहरहाल बांडुंग भावना दक्षिण-दक्षिण सहयोग की भावना को प्रेरित करती है। इसे इस सम्मेलन के साठवीं सालगिरह पर आयोजित कार्यक्रम में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 100 से अधिक विकासशील देशों ने भाग लिया था। बांडुंग का महत्व यह है कि यहीं से एशिया और अफ्रीका के साथ लाने की पहल शुरू हुई थी। जैसे-जैसे अफ्रीका और एशिया के देश नजदीक आते जाएंगे, उनकी संस्कृतियां करीब आती जाएंगी, कारोबारी रिश्ते सुदृढ़ होते जाएंगे, वैसे-वैसे इस सम्मेलन का महत्व बढ़ता जाएगा।

# फर्जी चिकित्सा के दुष्परिणाम साझा किए जाएं

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनियमितताएं किस तरह बेलगाम हो गई हैं, इसका ताजा उदाहरण दमोह के फर्जी डॉक्टर का मामला है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर, किस तरह प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर मध्य प्रदेश के दमोह जिले का यह फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट 'डॉक्टर' एन जॉन कैम सालों से लाचार, परेशान, मुसीबतों के मारे मरीजों का ईलाज कर रहा था। आरोपी 'डाक्टर' का दुस्साहस देखिए कि उसने अपना असली नाम छिपा कर मेडिकल कम्युनिटी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विदेशी नाम रखा था। दमोह जिले के मिशन अस्पताल में आरोपी डाक्टर का नाम डॉक्टर एन जॉन कैम दर्ज था जबकि उसका असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया है जबकि उसके फर्जी दस्तावेज में पत्नी और बच्चों के फेक नाम लिखे हुए हैं। आरोपी का मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ ऐसे ही बेरोकटोक चलता रहता अगर इसके द्वारा की गई 15 लोगों की हार्ट सर्जरी के दौरान सात लोगों की जान नहीं चली गई होती। इस फर्जी डाक्टर की पहुंच, पहचान कितनी तगड़ी थी, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 15 लोगों के हार्ट की सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने 2006 में एक निजी अस्पताल में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की सर्जरी भी की थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। इसका दावा उनके बेटे ने किया है। आखिर, इस तरह के लोगों की भनक तक प्रशासन, स्वास्थ्य महकमे को क्यों नहीं लगती। आश्चर्य तो यह है कि ऐसे ज्यादातर मामलों का खुलासा तब होता है जब इनके कारनामे से बड़ा नुकसान हो जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं के गोरखधंधे में कई चीजें शामिल हो गई हैं, जैसे कि स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स। स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी में ऐसे उत्पादों या सेवाओं का दावा करना शामिल है, जो बीमारियों को ठीक करने या रोकने का वादा करते हैं, लेकिन वे सुरक्षित या प्रभावी नहीं होते। बैंकिंग धोखाधड़ी में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों द्वारा धन या सेवाएं प्राप्त करना शामिल है, जैसे कि झूठे दावे प्रस्तुत करना या अधिक बिलिंग करना। नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गोरखधंधे के उदाहरण हैं। फर्जी चिकित्सक नकली दवाओं के साथ-साथ जांच भी फर्जी कर रहे हैं। इसके लिए एक मशीन रख ली है, जिस पर हाथ रख कर ही 55 जांच करने का दावा कर रहे हैं। कई लोगों को इतना बीमार बता दिया जाता है कि वे सदमे में आ जाते हैं। लैब से जांच कराई तो सारी जांच गलत निकलती है। बताते चलें कि क्वांटम रेजोनेंस बॉडी हेल्थ एनालाइजर नामक मशीन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रशिक्षित फर्जी चिकित्सकों द्वारा खूब इस्तेमाल की जा रही है। यह मशीन ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मात्र दस से 12 हजार रु पये में मिल रही है। दावा किया जा रहा है कि मशीन में शरीर की 55 जांच महज कुछ मिनटों में हाथ रखने से ही हो जाती है। जांच के नाम पर लोग पैसे तो दे ही रहे हैं, साथ ही अप्रशिक्षित चिकित्सक जांच के आधार पर इलाज तक दे रहे हैं। बिना डिग्री व बिना पंजीकरण वाले डाक्टरों पर अंकुश लगाना सबसे जरूरी है और इसके लिए सबसे पहले बनाना होगा नेशनल मेडिकल पोर्टल। जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। फर्जी डॉक्टरों पर अंकुश लगाने के लिए केवल नियम-कानून बना देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि जनता को ऐसे डॉक्टरों के बारे में सचेत भी करना होगा। आम जन को बताया जाना चाहिए नकली डॉक्टर के खिलाफ शिकायत कहां करें। मेडिकल काउंसिल को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

## तस्वीरों की दुनिया



कांग्रेस नेता और लोकसभा (एलओपी) राहुल गांधी का हैदराबाद हवाई अड्डे पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्वागत किया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में दिल्ली नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर राजा इकबाल सिंह से मुलाकात की।



अधिकारियों ने 2023 से कई आतंकी गतिविधियों में शामिल एक सक्रिय आतंकवादी कमांडर जाकिर अहमद गनी के आवास को जम्मू और कश्मीर के कुलगाम जिले के मतलहामा इलाके में ध्वस्त कर दिया।



पहलगाम आतंकी हमले के बाद अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के चोटीपोरा में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सक्रिय आतंकवादी कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे के घर को ध्वस्त कर दिया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में शारदा नदी के तटीकरण कार्य का निरीक्षण किया।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का कुशीनगर दौरे के दौरान समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान माला पहनाई गई।

# पाकिस्तान मंत्री को केंद्रीय मंत्री ने दिया जवाब, पुरी बोले- पानी में कूद जाएं बिलावल, पर पानी ही नहीं तो कूदेंगे कहां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी(पीपीपी) के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी की टिप्पणी पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा - मैंने उनका बयान सुना। उन्हें बताएं कि वे कहीं पानी में कूद जाएं। लेकिन, जब पानी ही नहीं होगा तो वे कैसे कूदेंगे। ऐसे बयानों को महत्व न दें। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीपीपी नेता ने सिंध प्रांत में एक रैली के दौरान कहा था कि सिंधु हमारा है और हमेशा हमारा रहेगा या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून।पुरी ने आगे कहा कि पहलगाम की घटना स्पष्ट रूप से सीमा पार से प्रायोजित आतंकी हमला है। पाकिस्तान को



इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। यह तो बस शुरुआत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसे देश में तब्दील हो चुका है जो अंततः पतन की ओर बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि पहले की तरह अब पाकिस्तान से कोई कारोबार जारी नहीं रहेगा।

उधर, मुंबई में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जब तक 140 करोड़ भारतीय देशभक्ति और राष्ट्रीयता को अपना परम धर्म नहीं मानेंगे, तब तक पहलगाम जैसे घटनाएं देश के समक्ष दिक्कत खड़ी करती रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कृत्य भारत की भावना को कभी नहीं तोड़ सकते। उन्होंने कहा- भारत के लोगों में शक्ति, साहस और आत्मविश्वास है। पर्यटन जल्द ही पुनः शुरू होगा। श्रद्धालु अपनी अमरनाथ यात्रा जारी रखेंगे और कश्मीर प्रगति के पथ पर मजबूती से आगे बढ़ता रहेगा। इसे कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति से कुछ शक्तियां परेशान हैं और यह आतंकी हमला उन्हीं की ओर से हताश होकर उठाया गया कदम है। यह एक असहनीय हमला है, लेकिन हम किसी को भी नहीं छोड़ेंगे। भारत के पास एक उचित जवाब देने की पर्याप्त शक्ति है। आंतरिक खतरों का मुकाबला करने में भारत की सफलता जिक्र करते हुए गोयल ने कहा कि जैसे हम नक्सलवाद को तेजी से समाप्त कर रहे हैं, हम आतंकवाद को भी इसी तरह परास्त करेंगे। भारत की शक्ति और संकल्प अडिग हैं।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 64 आतंकवादियों के घरों पर मारी रेड



**श्रीनगर, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों की तलाश में पुलिस चप्पा-चप्पा खंगाल रही है। आतंकियों के घरों में छापेमारी की जा रही है। कई आतंकियों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। इस बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स और आतंकवादी सहयोगियों के घरों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी UAPA के तहत की गई है। कई स्थानों पर व्यापक तलाशी ली गई है। पुलिस ने कहा कि आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए 64 व्यक्तियों के आवासों पर तलाशी ली।पुलिस ने खुफिया जानकारी जुटाने के उद्देश्य से हथियार, दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस आदि जब्त करने के लिए तलाशी ली। जिससे राष्ट्र-विरोधी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जा सके और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। श्रीनगर पुलिस ने कहा कि शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हम प्रतिबद्ध है। हिंसा, व्यवधान या गैरकानूनी गतिविधियों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को कानून के तहत सख्त कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले शनिवार को विशिष्ट खुफिया सूचनाओं पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) कैंप माछिल और भारतीय सेना की 12 सिख एलआई इकाई द्वारा पुलिस स्टेशन कुपवाड़ा और पुलिस पोस्ट माछिल के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सेदोरी नाला, मुश्ताकाबाद माछिल (समशा बेहक वन क्षेत्र) के वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

## कर्नाटक के कलबुर्गी में मुठभेड़, एटीएम लूटने वाले दो लुटेरों को लगी गोली

**कलबुर्गी।** कलबुर्गी में दो सप्ताह पहले एटीएम लूटने वाले हरियाणा के दो लुटेरों को शनिवार तड़के मुठभेड़ में पैरों में गोली मारने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि लुटेरों की पहचान तस्लीम और शरीफ के रूप में हुई है। वे हरियाणा के मेवात के रहने वाले हैं और मेवात गिरोह के सदस्य हैं। कलबुर्गी के पुलिस आयुक्त शरणप्पा एसडी ने कहा कि पुलिस ने गिरोह के सदस्यों पर गोलियां चलाई, जो एसबीआइ एटीएम डकैती में शामिल थे। आरोपितों ने गैस कटर का उपयोग करके 18 लाख रुपये चुराए थे। पुलिस अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया, दिल्ली पंजीकरण वाली एक संदिग्ध कार के बारे में सूचना मिलने पर पुलिस ने वाहन का पता लगाया और उसे रोकने का प्रयास किया।

## एलओसी पर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव, बंकरों की सफाई में जुटे ग्रामीण, रखा जरूरत का हर सामान

**राजौरी।** पाकिस्तान और उसकी सेना पर कभी यकीन नहीं किया जा सकता, यह सीमावर्ती ग्रामीण भी बहुत अच्छी तरह जानते हैं। इसलिए पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए राजौरी और पुंछ जिलों में एलओसी के पास रहने वाले लोगों ने भी अपनी और परिवार की सुरक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने बंकरों की साफ-सफाई शुरू कर दी है। कई बंकरों को साफ कर उनमें अपनी जरूरत का सामान भी रख दिया है। इनमें सोने के लिए बेड के साथ ही पंखे भी लगा दिए गए हैं। अगर एलओसी पर गोलाबारी शुरू होती है तो ग्रामीण अपने परिवार के सदस्यों के साथ बंकरों में शरण लेकर जान बचा सकेंगे। जम्मू संभाग के राजौरी और पुंछ जिलों में 223 किलोमीटर एलओसी है।

राजौरी के झंगड़ गांव के निवासी सुनील कुमार बताते हैं कि जब भी एलओसी पर गोलाबारी हुई है तो सबसे अधिक नुकसान ग्रामीणों को ही उठाना पड़ा है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद गांव में हर घर और स्कूलों में भी बंकर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद से एलओसी पर तनाव बना हुआ है। इसी खतरे को देखते हुए हमने अपने बंकरों को साफ करके जरूरत का सामान रख दिया है। भवानी गांव के निवासी पुरुषोत्तम लाल ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी में हमारे गांव के कई लोग मारे जा चुके हैं और कई मकान व स्कूल पूरी तरह से तबाह हो गए थे। उन्होंने बताया कि हमें अपनी सुरक्षा के लिए बंकर मिले हुए हैं।

हमने इन बंकरों को साफ करके अपना सामान इनके अंदर रख दिया है। अगर रात को भी गोलाबारी शुरू होगी तो हम इन बंकरों के अंदर शरण ले सकते हैं। बैंकरों के अंदर हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। वहीं प्रशासन ने भी अपने स्तर पर बंकरों का निरीक्षण करने का कार्य शुरू कर दिया है, ताकि जरूरत के समय लोग इन बंकरों में शरण लेकर अपनी जान की रक्षा कर सकें।

## पीओके ही नहीं, पाकिस्तान भी होगा भारत का हिस्सा, रामदास आठवले का बड़ा बयान, पहलगाम हमले को बताया पाकिस्तानी साजिश

**लखनऊ।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा आरपीआई (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रामदास आठवले ने भारत सरकार से पीओके वापस लेने की मांग की है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले को पाकिस्तानी साजिश करार देते हुए कहा कि भारत सरकार को इसके जवाब में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पीओके को वापस लेने के लिए जरूरत पड़ने पर युद्ध करना चाहिए। युद्ध हुआ तो पीओके ही नहीं, पाकिस्तान भी भारत का हिस्सा बन जाएगा। शनिवार को रवींद्रालय, चारबाग में डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष में 'सामाजिक समानता समारोह' में डा. आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की



दिशा में बढ़ रहा है। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के अल्पसंख्यक वर्गों के लिए कार्य कर रही है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से यूपी में कोई दंगा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी के विस्तार के लिए गांव से लेकर जिला स्तर तक कमेटियां गठित की जाएंगी। संगठन में वंचित, पिछड़ा, ब्राह्मण, क्षत्रिय सहित सभी वर्ग जुड़ रहे हैं। अल्पसंख्यकों की आवाज भी हम उठाते रहे हैं। हर वर्ग को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के विचारों को समझना चाहिए, तभी सामाजिक समानता संभव होगी। समारोह में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रो. एसएन कुरील, डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रो. वीएम रविकुमार और आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## झांसी में जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड की छत पर लगी आग, भर्ती थे 16 मासूम

**झांसी।** जिला अस्पताल में शनिवार को उस समय जबरदस्त अफरातफरी मच गई जब बच्चा वार्ड की छत पर पड़ी सूखी पत्तियों में आग लग गई। छत पर धुआं उठता देख स्वजन अपने बच्चों को लेकर बदहवासी में वार्ड से बाहर निकले। घटना के वक्त वार्ड में पांच से पंद्रह वर्ष के 16 बच्चे भर्ती थे।बताया जा रहा है कि छत पर पड़े बिजली के तार में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। पिछले वर्ष झांसी के ही महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के निकू वार्ड में लगी आग की चपेट में आकर लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों की मौत हो गई थी। शनिवार शाम लगभग 4.30 बजे जिला अस्पताल परिसर में बने बच्चा वार्ड की छत पर धुआं उठने लगा। लोगों ने यह देखा तो आग लगने का शोर कर दिया। इससे अफरातफरी का माहौल हो गया। आननफानन में बच्चों को अन्य वार्डों में शिफ्ट कर दिया गया। दरअसल वार्ड में बिजली की सप्लाई पहुंचाने वाले तार छत पर खुले पड़े हैं।छत पर पेड़ों से गिरी सूखी पत्तियां भी पड़ी हैं।

तारों में शार्ट सर्किट होते ही निकली चिंगारी से पत्तियों में आग लग गई। आग ने वार्ड के पर्दों को भी चपेट में ले लिया। अस्पताल के कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया।दो वर्ष पहले जिला अस्पताल में दो करोड़ की लागत से फायर सिस्टम लगाया गया था। बच्चा वार्ड में स्मोक डिटेक्टर भी लगे हैं। आग लगने पर न तो अलार्म बजा और न ही फायर सिस्टम काम आया। एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं।घटना के कारणों की जांच कराई जाएगी।

## यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रही उत्तर कोरिया की सेना, रूस के दावे ने मचाई सनसनी




**मॉस्को, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को दावा किया कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी सेना को आखिरी गांव गोरनल से खदेड़ दिया गया है। साथ ही रूस ने पहली बार इसकी पुष्टि की है कि उत्तर कोरियाई सैनिक कुर्स्क में रूसी सैनिकों के साथ लड़ रहे हैं। सेना के जनरल स्टाफ के प्रमुख ने यूक्रेनियों को बाहर निकालने में मदद करने के लिए उनकी वीरता की प्रशंसा की। हालांकि, कीव ने रूस के दावे से इन्कार किया है। कीव के अधिकारियों ने कहा हे कि वे अब भी यूक्रेन की सीमा से लगे एक अन्य रूसी क्षेत्र बेलगोरोड में मौजूद हैं।यूक्रेनी सेना ने पिछले अगस्त में कुसर्क क्षेत्र में एक बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उत्तर कोरियाई सैनिकों की मदद से रूसी सेना उन्हें बाहर निकालने की कोशिश कर रही थी। पुतिन ने कहा कि रूसी धरती से यूक्रेनी सेना के निष्कासन ने यूक्रेन के अंदर आगे की रूसी सफलताओं का रास्ता खोल दिया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि उत्तर कोरिया ने कुल 14,000 सैनिकों को भेजा था। ओवल आफिस में नोकझोंक के बाद पहली बार ट्रंप और जेलेंस्की ने की वार्तापोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सेंट पीटर बेसिलिका में एक संक्षिप्त बैठक की। फरवरी में वाशिंगटन स्थित ओवल ऑफिस में हुई तीखी नोकझोंक के बाद वेटिकन में यह उनकी पहली बैठक थी। वहीं ट्रंप ने कहा कि उन्हें संदेह है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध समाप्त करना चाहते हैं। इस बात पर भी संदेह व्यक्त किया कि शांति समझौता शीघ्र हो सकेगा।एक दिन पहले ही ट्रंप ने कहा था कि यूक्रेन और रूस समझौते के बहुत करीब हैं।

## कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों के हमले में एक ग्रामीण घायल, अचानक दाग दी गोलियां

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के हंदवाडा में शनिवार की रात को एक ग्रामीण आतंकियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हंदवाड़ा स्थित मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और सीआरपीएफ के एक संयुक्त कार्यदल ने आतंकियों को पकडने के लिए एक अभियान चलाया है। यहां मिली जानकारी के अनुसार, हंदवाडा के कंडी खास में शनिवार की रात को 45 वर्षीय गुलाम रसूल मागरे अपने घर के पास खड़ा था कि अचानक आतंकी कहीं से प्रकट हुए और उन्होंने उसे देखते ही उस पर तीन गोलियां दाग दी। गोलियों के लगने से गुलाम रसूल मागरे वहीं जमीन पर गिर पड़ा और आतंकी उसे मरा समझ वहां से चले गए। गोलियों की आवाज सुनकर मागरे के परिजन व पड़ौसी मौके पर पहुंचे। इस बीच, निकटवर्ती इलाके में गश्त कर रहे सुरक्षाबल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने उसी समय घायल मागरे को अस्पताल पहुंचाया।

## नवजात संग तीन घंटे जमीन पर लेटी रही प्रसूता, दिखा सरकारी अस्पताल अमानवीय चेहरा

**आजीराजपुर, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के आलीराजपुर जिले के सबसे बड़ी सरकारी अस्पताल जिला चिकित्सालय में महकमे का अमानवीय चेहरा एक बार फिर सामने आया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरझर से जिला अस्पताल रेफर की गई एक प्रसूता को नवजात के साथ करीब तीन घंटे तक जमीन पर लेटना पड़ा। दरअसल यहां मौजूद चिकित्सक और कर्मचारियों ने बेड खाली न होने की बात कही थी, जिस पर महिला भीषण गर्मी में मासूम बेटी के साथ बरामदे में ही फर्श पर ही लेटी रही। बाद में सीएमएचओ देवेंद्र सुनहरे को जानकारी मिली तो उन्होंने प्रसूता को भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंजुड़ी पति वनसिंह की शनिवार सुबह बरझर के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूति हुई थी। यहां



महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया था। स्वजन ने बताया कि नवजात की सेहत ठीक न होने पर प्रसूता व बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

दोपहर करीब तीन बजे स्वजन प्रसूता व बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। बच्चे की स्थिति खराब होने पर भी यहां मौजूद अमले ने बेड खाली न होने की बात कहकर तत्काल भर्ती करने में असमर्थता जता दी। स्वजन ने बताया कि कोई सुनवाई न होने पर बेड खाली होने तक महिला को जमीन पर ही लिटा दिया गया।मामले में सीएमएचओ सुनहरे ने बताया कि जिला अस्पताल में बेड की कमी है। इस कारण यह स्थिति बनी है। महिला को भर्ती कर लिया गया है। जिला अस्पताल फिलहाल 100 बिस्तरीय है। शासन ने 100 बेड की और स्वीकृति दी है, जिसके भवन का काम परिसर में चल रहा है।

## विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना सरकार का लक्ष्य, हैदराबाद में बोले राहुल गांधी



**हैदराबाद 27 अप्रैल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है और एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं हैं। यहां भारत शिखर सम्मेलन-2025 में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलने और मीडिया को कमजोर करने का लक्ष्य है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि राजनेता लोगों की आवाज सुनने में विफल रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति, लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है। मैं कहूंगा कि एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं तो पाता हूं कि 10 साल पहले जो साधन कारगर थे, वे अब कारगर नहीं होते। इसलिए, अब एक नए तरह के राजनेता का निर्माण करना होगा। राहुल गांधी ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को ही इस शिखर सम्मेलन को संबोधित करना था, लेकिन उन्हें कश्मीर जाना पड़ गया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता दिखाने के लिए भारत शिखर सम्मेलन के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय भारत शिखर सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था।

## रेत में दबा मिला बाघिन का शव, पंजे और दांत गायब, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में स्थित पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ बफर जंगल में गश्ती दल को शनिवार सुबह रेतीली जमीन में एक बाघिन का शव दबा मिला।उसका अधिकतर हिस्सा सड़ जाने से विशेषज्ञ उसकी मौत लगभग एक माह पहले होना मान रहे हैं, लेकिन बाघिन के चारों पंजे और तीन दांत कटे पाए गए हैं।उन्हें किसी धारदार हथियार से काटकर आरोपित साथ ले गए। टाइगर रिजर्व के संचालक देवप्रसाद जे. ने आरोपितों के बारे में सूचना देने पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उधर, टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह का कहना है कि घटनास्थल और शव के परीक्षण में बाघिन की स्वभाविक मौत होना प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है। शिकार के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं।

# नीमडीह में 2 समुदायों के बीच हिंसक झड़प, जमकर हुई फायरिंग, दुकानें फूंकी और पुलिस पर भी हमला

**जमशेदपुर, 27 अप्रैल [एजेंसी]।**

सरायकेला-खरसावां के नीमडीह थाना क्षेत्र के झिमड़ी गांव में एक युवती को हथियार के बल पर अगवा करने की घटना ने दो समुदायों के बीच हिंसक रूप ले लिया।आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपित के मकान और चार दुकानों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस पर पथराव और वाहन तोड़फोड़ में चार जवान घायल हुए।स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग की। उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने फ्लैग मार्च कर हालात संभाले। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मो. तस्लीम ने गुरुवार रात हथियार के बल पर इंटर पास युवती को अगवा कर लिया था। परिवार ने नीमडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना से आक्रोशित ग्रामीण शनिवार को बड़ी संख्या में एकत्र हुए और आरोपी के घर व दुकानों में आगजनी कर दी। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी के मकान और लेडीज कार्नर सहित चार दुकानों में आग लगा दी। भीड़ ने चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।स्थिति नियंत्रण के लिए पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। इससे गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हुआ और चार जवान चोटिल हो गए। पुलिस पर भी हमला किया। इसके बाद पुलिस ने पहले



लाठीचार्ज किया, फिर हवाई फायरिंग से भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने पथराव कर जवाब दिया, जिसमें चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि पुलिस हवाई फायरिंग के आरोप से इनकार कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसी रवि शंकर शुक्ला और एसपी मुकेश कुमार लुणायत मौके पर पहुंचे। देर रात तक पुलिस-प्रशासन ने नीमडीह, तिरुलडीह समेत आसपास के थाना प्रभारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने शांति स्थापित करने के लिए फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्थिति नियंत्रित है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर धारा 163 लागू की गई है। उन्होंने कहा कि बताया कि अगवा युवती और आरोपी की तलाश के लिए पुलिस उनकी लोकेशन ट्रेस कर रही है। क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण है। कुछ स्थानों पर आग लगाई गई है और एक दुकान को भी जलाया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। यहां फ्लैग मार्च कराया जा रहा है। घटना में एक पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है और पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। घटना के दोषियों को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।-मुकेश कुमार लुणायत, पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावांउधर, झिमड़ी गांव में शनिवार को जो कुछ हुआ, वह सिर्फ एक युवती के अपहरण की प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि यह उस सामाजिक ताने-बाने का विस्फोट है जो लंबे समय से तनाव और अविश्वास की आग में सुलग रहा था।

एक युवती के अपहरण के आरोप ने गांव में पहले से मौजूद सांप्रदायिक खाई को और गहरा कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप आक्रोशित भीड़ ने हिंसा का सहारा लिया।झिमड़ी में दो समुदायों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। हालांकि, यह तनाव कभी भी खुलकर सामने नहीं आया था, लेकिन युवती के अपहरण की घटना ने आग में घी डालने का काम किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं की, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया।ग्रामीणों ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण स्थिति बिगड़ गई। कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि पुलिस ने लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग करके ग्रामीणों को और उकसा दिया।झिमड़ी निवासी सकील अंसारी के बेटे मो. तस्लीम ने गुरुवार को गांव की एक युवती को हथियार दिखाकर अगवा कर लिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, युवती ने हाल ही में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।परिवार ने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने नीमडीह थाने में शिकायत दर्ज की, लेकिन शनिवार तक युवती का पता नहीं चला। इस बीच, ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा।

# विंग्ड आईलाइनर लगाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, लुक लगेगा बेहतरीन

आंखों को आकर्षक बनाने के लिए महिलाएं कई तरीके की आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं। इनमें से एक है विंग्ड आईलाइनर, जो आंखों को एक खास और ग्लैमरस लुक देता है, लेकिन इसे लगाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।

इस लेख में हम आपको विंग्ड आईलाइनर लगाने के लिए पांच महत्वपूर्ण टिप्स देंगे, जिससे आप बिना किसी गलती के इसे सही तरीके से लगा सकें।

आंखों की आकृति को समझें

विंग्ड आईलाइनर लगाते समय सबसे पहले अपनी आंखों की आकृति को समझना जरूरी है।


अगर आपकी आंखें बड़ी हैं तो आपको पतली सी लाइन खींचनी होगी, वहीं छोटी आंखों पर आपको थोड़ा मोटा लाइन खींचना होगा ताकि आपकी आंखें बड़ी और खुली दिखें।

इसके अलावा अगर आपकी आंखें ऊपर की तरफ झुकी हुई हैं तो आपको ऊपर की तरफ लाइन खींचनी होगी, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**सही आईलाइनर का चयन करें**

विंग्ड आईलाइनर लगाने के लिए सही आईलाइनर का चयन करना बहुत अहम है।

पेंसिल, जेल या लिक्विड आईलाइनर में से कौन-सा आपके लिए बेहतर रहेगा, यह आपके



हाथ की स्थिरता पर निर्भर करता है।

अगर आपका हाथ आईलाइनर लगाते समय हिलता रहता हैं तो पेंसिल आईलाइनर सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि इसे लगाना आसान होता है।

वहीं अगर आप प्रोफेशनल हैं तो लिक्विड आईलाइनर का उपयोग कर सकती हैं, जिससे आपको एक सुंदर लुक मिलेगा।

**शुरुआत छोटी लाइन से करें**

विंग्ड आईलाइनर लगाने की शुरुआत हमेशा छोटी लाइन से करनी चाहिए।

सबसे पहले अपनी पलकों की जड़ पर छोटी-छोटी बिंदियां बनाएं और फिर उन्हें आपस में जोड़ते हुए बाहर की तरफ लाएं। इससे आपको सही दिशा मिलेगी और आपकी आईलाइनर की लंबाई भी बराबर रहेगी।

इसके बाद धीरे-धीरे इसे मोटा करते हुए अपनी इच्छानुसार विंग बनाएं। इस तरह से आप बिना किसी गलती के एक बेहतरीन विंग्ड आईलाइनर पा सकेंगी।

**दोनों आंखों पर समानता बनाए रखें**

विंग्ड आईलाइनर लगाते समय दोनों आंखों पर समानता बनाए रखना बहुत जरूरी है।

अक्सर देखने में आता है कि किसी एक आंख पर आईलाइनर ज्यादा मोटा होता है जबकि दूसरी पर पतला रह जाता है। इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। इसलिए दोनों आंखों पर एक ही तरह से और बराबर मोटाई में आईलाइनर लगाएं।

इसके अलावा अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक ज्यादा आकर्षक लगे तो आईलाइनर को सूखने दें और फिर आंखों पर मस्कारा लगाएं।

**अंतिम टच देना न भूलें**

आईलाइनर लगाने के बाद अंतिम टच देना भी उतना ही अहम होता है जितना कि शुरुआत में ध्यान देना।आईलाइनर सूखने के बाद अगर कहीं कोई कमी रह गई हो या फिर कोई छोटा-मोटा सुधार करना हो तो उसे तुरंत करें ताकि आपका लुक पूरी तरह से बेहतरीन लगे।

इस तरह इन पांच आसान लेकिन जरूरी बातों का ध्यान रखकर आप बिना किसी गलती के आसानी से विंग्ड आईलाइनर लगा सकती हैं।

## खूबसूरत गाउन में रूबीना दिलैक ने कराया फोटोशूट, फैंस बोले-अप्सरा लग रही हो

टीवी एक्ट्रेस रूबीना दिलैक की खूबसूरती और फैशन का कोई जवाब नहीं है। वह सोशल मीडिया पर अपने नए लुक के फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। उनके इस लुक पर फैंस दिल हार बैठे हैं। उनका यह फोटोशूट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

लेटेस्ट फोटोशूट में रूबीना ब्राउन कलर के गाउन में कैमरे की ओर पोज दे रही हैं। उन्होंने अपने लुक को शानदार बनाने के लिए बालों को खुला छोड़ा है और कलाई पर एक ब्रेसलेट के साथ वॉच भी बांधी हुई है। नेट का दुपट्टा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम कर रहा है।

इन फोटोज को शेयर करते हुए रूबीना ने कैप्शन में लिखा, सुनहरी धूप ने कुछ इस तरह से छुआ...

फैंस उनकी इन तस्वीरों को बेहद पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स में तारीफों के पुल बांध रहे हैं। एक यूजर ने लिखा - ब्यूटीफुल, वहीं दूसरे ने कहा- अप्सरा लग रही हो आप।

बता दें कि रुबीना दिलैक ने मिस शिमला समेत कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। इसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी कर रही थीं। इस दौरान अपनी एक फ्रेंड के कहने पर उन्होंने छोटी बहू सीरियल के लिए ऑडिशन दिया और सेलेक्ट हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में



राधिका का रोल निभाया।

इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह : एक नई उम्मीद, जीनी और जूजू और शक्ति जैसे हिट शो का हिस्सा रही हैं। उन्होंने राजपाल यादव स्टारर फिल्म अर्ध से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वह बिग बॉस 16 की विनर भी रही हैं।

## मृणाल ठाकुर के हाथ लगी एटली की 800 करोड़ी फिल्म, अब अल्लू अर्जुन संग करेंगी रोमांस



पुष्पा 2 की जबरदस्त सफलता के बाद अल्लू अर्जुन ने जवान के निर्देशक एटली के साथ हाथ मिलाया है।इस फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं और अब खबर है कि फिल्म में अल्लू के साथ मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया है।

फिल्म में 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। इनमें में एक के लिए मृणाल के नाम पर निर्माताओं की मोहर लग चुकी है।

आइए पूरी खबर जान लेते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, मृणाल ने कल मुंबई के एक स्टूडियो में फिल्म की तीन मुख्य अभिनेत्रियों में से एक की भूमिका निभाने के लिए लुक टेस्ट दिया।

फिल्म में वह अल्लू के साथ रोमांस करती दिखेंगी। उनका लुक फिल्म में एकदम हटके होगा।

उधर अन्य अभिनेत्रियों के लिए दीपिका पादुकोण और जाह्नवी कपूर के नाम पर विचार किया जा रहा है। जाह्नवी फिल्म साइन करने के बेहद करीब हैं, वहीं दीपिका के साथ बातचीत अब भी जारी है।

अल्लू-मृणाल दोनों एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

इससे पहले अल्लू ने मृणाल की फिल्म हाय नाना को खूब सराहा था और अभिनेत्री के अभिनय पर भी जमकर प्यार लुटाया था। फिल्म देखने के बाद अल्लू न सिर्फ इसकी कहानी, बल्कि इसमें मृणाल के अभिनय और उनके अंदाज के भी मुरीद हो गए थे।

उधर एक इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वह अल्लू की प्रशंसकों में शुमार हैं और उनके साथ काम करना चाहती हैं।

सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का बजट 800 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। खबर तो यह भी आई कि इसके लिए अल्लू को 175 करोड़ रुपये मिल रहे हैं।

इस साल 8 अप्रैल को अल्लू के जन्मदिन के मौके पर इस फिल्म का आधिकारिक रूप से ऐलान हुआ था।

इस साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी, वहीं साल 2027 में यह फिल्म बड़े पर्दे पर आएगी।

अदिवी शेष की अगली तेलुगू फिल्म डकैत में भी मृणाल मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इससे पहले इस फिल्म में श्रुति हासन को लिया गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह मृणाल ने ली। ये फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी।इसके अलावा मृणाल को अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2, हुमा करैशी के साथ पूजा मेरी जान और वरुण धवन के साथ फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में देखा जाएगा।

## शहद से जुड़े इन भ्रमों पर कई लोग करते हैं विश्वास

शहद को अक्सर एक प्राकृतिक और सेहतमंद विकल्प के रूप में देखा जाता है, लेकिन इसके बारे में कई गलतफहमियां भी प्रचलित हैं, जिन पर लोग आंख मूंदकर विश्वास कर लेते हैं। इस लेख में हम शहद से जुड़े पांच ऐसे भ्रमों की चर्चा करेंगे, जो वास्तव में सच नहीं हैं। इन भ्रमों की सच्चाई जानकर आप शहद का सही उपयोग कर सकते हैं और अपनी सेहत का बेहतर ख्याल रख सकते हैं।

कई लोग मानते हैं कि शहद चीनी का सेहतमंद विकल्प है, लेकिन यह पूरी तरह सही नहीं है। शहद और चीनी दोनों में ग्लूकोज और फ्रक्टोज होते हैं, जो शरीर को समान ऊर्जा देते हैं। शहद में कुछ विटामिन और मिनरल्स होते हैं, लेकिन ये इतनी कम मात्रा में होते हैं कि सेहत पर खास असर नहीं डालते। इसलिए वजन घटाने या मधुमेह के लिए चीनी की जगह शहद का उपयोग करने वाले सोच-समझकर इसका इस्तेमाल करें।सुबह-सुबह खाली पेट गर्म पानी में शहद मिलाकर पीने को वजन घटाने का रामबाण उपाय माना जाता है, लेकिन सच्चाई यह है कि केवल गर्म पानी और शहद पीने भर से वजन कम नहीं होता है। वजन घटाने के लिए संतुलित आहार और नियमित एक्सरसाइज जरूरी होता है। हां, गर्म पानी आपके पाचन तंत्र को सक्रिय करता है और आपको दिनभर तरोताजा महसूस करने में मदद करता है, लेकिन इसका सीधा संबंध वजन घटाने से नहीं होता। शहद को खांसी-जुकाम के घरेलू इलाज के रूप में देखा जाता है, लेकिन यह हर प्रकार की खांसी-जुकाम पर असरदार नहीं होता है। कुछ मामलों में जहां बैक्टीरियल संक्रमण हो सकता है या एलर्जी हो सकती है वहां केवल शहद काम नहीं करेगा।

# ब्रोकली को इन 5 कारणों से अपनी डाइट में करें शामिल, मिलेंगे कई फायदे

जब बात सब्जियों की आती है तो कई लोग अपनी पसंद के अनुसार ही सब्जियां खरीदते हैं, लेकिन हर सब्जी के अपने पोषक तत्व और फायदे होते हैं।

इसी तरह ब्रोकली एक ऐसी सब्जी है, जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। यह कई खास यौगिकों से भरी होती है, जो कई स्वास्थ्य लाभ दे सकते हैं।

आइए आज हम आपको डाइट में ब्रोकली को शामिल करने के विभिन्न कारण बताते हैं।

कैंसर का खतरा कम करने में है सहायक

ब्रोकली में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाने में मदद कर सकते हैं।

ये हानिकारक तत्व कैंसर का कारण बन सकते हैं। कई अध्ययनों के मुताबिक, ब्रोकली का सेवन करने से शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे कैंसर का खतरा कम हो सकता है।

इसके अलावा ब्रोकली में एक खास यौगिक होता है, जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोक सकता है।

हालांकि, यह कैंसर का इलाज नहीं है।

आंखों के लिए है फायदेमंद

आंखों के लिए ब्रोकली का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।

ब्रोकली में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो आंखों की रोशनी को कम होने से बचा सकते हैं। इसके अलावा ये तत्व आंखों की सेहत को भी बनाए रखते हैं।

कई अध्ययनों के मुताबिक, ये तत्व मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित आंखों की समस्याओं के जोखिम को भी कम कर सकते हैं।

इसलिए ब्रोकली को अपनी डाइट में शामिल करना लाभदायक हो सकता है।

दिल को स्वस्थ रखने में है सहायक

ब्रोकली का सेवन दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

ब्रोकली में एंटी-ऑक्सीडेंट और सूजनरोधी गुण होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीडेशन को रोकने में मदद करते हैं। ये गुण खराब कोलेस्ट्रॉल को प्लाक बनने से भी रोक सकते हैं, जिससे धमनियों में रूकावट नहीं होती और दिल स्वस्थ रहता है।

इसके साथ ही ब्रोकली में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा को बढ़ाकर दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकते हैं मजबूती



ब्रोकली में कई प्रकार के विटामिन और खनिज होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि विटामिन-सी, विटामिन-के, विटामिन-ए, विटामिन-बी6, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस।

विटामिन-ष्ट एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।

इसके अलावा ब्रोकली में मौजूद विटामिन-ए और विटामिन-बी6 भी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करते हैं।

वजन को नियंत्रित करने में है प्रभावी

अगर आप अपना वजन नियंत्रित करना चाहते हैं तो ब्रोकली का सेवन जरूर करें।

ब्रोकली में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को स्वस्थ रखता है और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करवाता है, जिससे आप बार-बार खाने से बच सकते हैं।

इसके अलावा ब्रोकली में मौजूद कम कैलोरी भी वजन कम करने में मदद कर सकती है।

इसके साथ ही ब्रोकली का नियमित सेवन आपके वजन को संतुलित रखने में मददगार हो सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -030


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।




### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 029 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## केसरी वीर से सुनील शेट्टी की नई झलक आई सामने, बलिदान और विरासत की अमर गाथा पर आधारित है मूवी

बॉलीवुड के दमदार अभिनेता सुनील शेट्टी एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपने एक्शन अवतार में लौट रहे हैं, लेकिन इस बार एक ऐतिहासिक योद्धा के रूप में। उनकी आने वाली फिल्म 'केसरी वीर: लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' न केवल एक भव्य पीरियड ड्रामा है, बल्कि भारतीय इतिहास के गौरवशाली और वीरतापूर्ण अध्याय को जीवंत करने की कोशिश भी है।



फिल्म में सुनील शेट्टी एक निडर योद्धा 'वेगड़ा जी' की भूमिका निभा रहे हैं, जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए आखिरी सांस तक लड़ता है। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में उनका लुक रौंगटे खड़े कर देने वाला है—हाथ में खून से लथपथ कुल्हाड़ी, चेहरे पर युद्ध की आग और पीछे मैदान में गूंजता युद्ध का माहौल, जिसमें सोमनाथ मंदिर की गरिमा दमक रही है।

इस फिल्म की खास बात है इसकी बेहतरीन स्टारकास्ट। जहां सूरज पंचोली एक युवा राजपूत राजकुमार वीर हमीरजी गोहिल के रूप में उभरते नायक के रोल में दिखाई देंगे, वहीं विवेक ओबेरॉय शक्तिशाली खलनायक 'ज़फ़र' की भूमिका में रोमांच पैदा करेंगे। पहली बार पर्दे पर नजर आ रहीं आकांक्षा शर्मा सूरज के किरदार के साथ एक गहरी भावनात्मक लय जोड़ती हैं, जो फिल्म की कहानी को और अधिक दिल से जोड़ती है। निर्देशक और निर्माता कानू चौहान की यह पेशकश, चौहान स्टूडियोज और पैनोरमा स्टूडियोज के सहयोग से, भारतीय इतिहास की उस गाथा को सामने लाती है, जिसे फिल्मों में कम ही छुआ गया है।

'केसरी वीर: लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक श्रद्धांजलि है उन असंख्य वीरों को जिन्होंने अपनी मातृभूमि और आस्था की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दे दी। यह ऐतिहासिक युद्धगाथा 16 मई 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी—एक ऐसा अनुभव जो दर्शकों को रोमांच, भावना और गर्व से भर देगा।

# झारखंड के बूचड़ख़ाना ले जाए जा रहे 110 गौवंश को लोगों की सूचना पर पकड़ा पुलिस ने





**रामानुजगंज (तरूण छत्तीसगढ़)।**

पशु तस्करी के खिलाफ विजयनगर चौकी पुलिस द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने 110 गौ वंशों को जंगल के रास्ते झारखंड के बूचडख़ाना ले जाने के दौरान गौ सेवकों एवं जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव सहित अन्य के सहयोग से पकड़ा है। देर रात हुई पुलिस की कार्रवाई में अंधेरा का फायदा उठाते हुए पशु तस्कर मौके से फरार हो गए। विजयनगर चौकी में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 4, 6 व 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ बगरा जंगल पहुंचे।

वहीं सूचना पर गौ सेवक एवं जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी सिंह के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक तस्कर वहां से अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। मौके से 110 नग गौवंशों को विजयनगर चौकी लाया गया। विजयनगर चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह ने कहा कि अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है। गौ वंशों के तस्करी करने वालों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के सरहदी क्षेत्रों से लंबे समय से गौ तस्करी होती रही है। कई बार पुलिस द्वारा कार्रवाई भी गौ सेवकों के मदद से की गई है, लेकिन यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। गौ सेवकों के सहयोग से देर रात से सुबह तक पुलिस की कार्रवाई चलती रही। जंगल में अंधेरा रहने के कारण पुलिस एवं गौ सेवकों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

# आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई में प्रधानमंत्री का सहयोग करें:विश्वकर्मा

**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर की भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा ने पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए 27 हिंदुओं के नृशंस नरसंहार पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इस घटना की कठोरतम शब्दों में निंदा की है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्मम हत्याकांड मानवता के मूल्य पर सीधा हमला है आतंकवादी घटना में शहीद हुए सभी नागरिकों की आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और इस बर्बर कृत्य की कठोरता शब्दों में भर्त्सना करती हूं भारत अब ना आतंकवाद को बर्दाश्त करेगा ना उसे पनपने देगा जो शक्तियां हमारे देश को कमजोर करना चाहती हैं उन्हें यह जान लेना चाहिए कि आज का भारत नया भारत है आज का भारत चुप नहीं बैठेगा अब आतंकवाद का जड़ से नाश करना अनिवार्य है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से हाल ही में बिहार के बेगूसराय में प्रधानमंत्री जी ने अपने भाषण में स्पष्ट रूप से कहा कि यह आतंकवादी दुनिया के दूसरी छोर में भी रहेंगे तो नहीं बचेंगे और शीघ्र कठोर कार्रवाई के संकेत को स्मरण कराया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने संकल्प पर अडिग है अब समय आ गया है कि हर नागरिक विशेष कर हर महिला आतंकवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभाए और प्रधानमंत्री के हाथों को और भी मजबूत करें। उन्होंने विशेष तौर पर देश की माताओं, बहनों और बेटियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रभक्ति का अलख जगाएं, आतंकवाद के खिलाफ जनजागरण करें और शहीदों के बलिदान को व्यर्थ न जाने दें। भारत की बेटियां जब जागती है तो देश का भविष्य सुरक्षित होता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश का हर एक नागरिक और भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता शहीदों के परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और आतंकवाद के समूल नाश के लिए संकल्पबद्ध है।



## जान से मारने की धमकी,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम लटुवा में अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी संतराम कन्नौजे निवासी ग्राम लटुवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 25.04.2025 को एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने तालाब गया हुआ था।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में शिवम विहार कालोनी रायपुरा निवासी हेमंत कुमार साहू 38 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी प्लेजर क्रमांक सीजी 04 डीजेड 0983 को अनुपम गार्डन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए प्लेजर की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में ग्राम खौना निवासी प्रार्थी निशांत कुमार साहू 24 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीजे 0481 को सांकरा के निको जायसवाल कंपनी के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# बच्चों के शैक्षिक विकास पर फाटपानी में हुआ संवाद



**कोरिया बैकुंठपुर।** विकास खण्ड बैकुण्ठपुर कोरिया के जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता निर्देशन में संकुल सारा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला फाटपानी में अंगना मा शिक्षा के तहत पढ़ई तिहार बड़ी धूमधाम आगाज के साथ मनाया गया जिसमें बच्चों का शारीरिक का भावनात्मक शैक्षिक विकास किस तरह से अपने बच्चों को अपने घर में ही शिक्षा कैसे देनी है श्रीमती शिल्पी एवं श्रीमती शीतल खरे शिक्षिकाओं के द्वारा गतिविधि कराते हुए उपस्थित माता को बताया गया साथ ही अपने घर के सामग्री को TLM के रूप में उपयोग करते हुए बच्चों को उसके बारे में विभिन्न प्रकार से परिचित कर गणितीय कौशल, भाषायी कौशल का विकास कर सकते हैं. गतिविधियों में शारीरिक विकास के अंतर्गत बच्चों से सीधी रेखा , टेढ़ी मेढ़ी रेखा पर ,पुस्तक सर पर रख कर रेखा पर संतुलन बनाकर चलवाया गया, बौद्धिक विकास के एक जैसे वस्तुओं को अलग करना,रंग पहचान, वर्गीकरण,क्रम से लगाना आदि गतिविधियां करवाई गई। माताओं को सपोर्ट कार्ड भी प्रदान किया गया जिससे माताएं अपने अपने घरों में बच्चों से ये सारी गतिविधियाँ करवा सकें। माताए घर में गुरु के रूप में बच्चों की शिक्षा घर से ही प्रारंभ करें जिससे बच्चों का बौधिक स्तर का विकास हो सके पढ़ाई पढ़ाई तिहार का आमंत्रण स्कूल के प्रधान पाठक शिक्षिका एवं उपस्थित बच्चों ने बैंड बाजे गाजे के साथ पालकों के घर घर जाकर माताओं को आमंत्रण किया इस पढ़ई तिहार में लगभग 25 माताएं उपस्थित थीं । संस्था के प्रधान पाठक अशोक लोधी ने कहा प्रथम गुरु आप हैं आप शिक्षक की भूमिका निभाते हुए अपने घरों में बच्चों को शैक्षिक गतिविधियों से जोड़े ।

# पेड़-पौधों की पहचान के लिए बारकोड लगाये गये विश्व पृथ्वी दिवस पर जिले में

**रामानुजनगर।** बालक स्कूल तथा सेजेस रामानुजनगर द्वारा सामूहिक रूप से विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इसमें कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता, पौधा रोपण, पोषण वाटिका की साफ-सफाई की गई। वहीं पेड़ों और पौधों के ऊपर क्यूआर कोड लगाकर उनकी पहचान कराई गई।



पूरा कार्यक्रम सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा के मार्गदर्शन, प्राचार्य पीसी सोनी व यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी गोपाल सिंह के नेतृत्व में हुआ। यह आयोजन पर्यावरण को बचाने की दिशा में काम करने के लिए हमें प्रेरित करता है। आज का दिन हमें याद दिलाता है की प्रकृति के साथ हमारे कितने गहरे संबंध हैं और इसके बिना मानव जीवन संभव नहीं है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सीमा दुबे, गोपाल सिंह, राजीव कुमार मिश्रा, ऋषिकेश साहू, निकिता केसरी, विल्सन बखला, प्रकाश कुमार जोल्हे, बिहारी लाल साहू, गायत्री कश्यप, वर्षा सिंह, पूजा गुप्ता इकराम, वीणा प्रजापति, नवीन राठौर, लोमेश कुमार सिन्हा, पुष्पेंद्र ठाकुर, योगेश साहू, अल्पना, प्रार्थना बघेल, जया गुप्ता व विवेक सोनी का योगदान रहा।

# आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया जिले के अनेक लोगों को, मिला जॉब कार्ड



**सुरजपुर।** सूरजपुर जिले में सुशासन तिहार 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 62 ग्रामीणों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए गए हैं। कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिला प्रशासन जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर रहा है। बता दें कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के 62 ग्रामीण हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किये गए हैं। गौरतलब है कि जिले की विभिन्न विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों के निवासियों द्वारा सुशासन तिहार के दौरान मनरेगा जॉब कार्ड निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। इन आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में संबंधित ग्रामीणों की मांगों को प्राथमिकता दी गई। जिससे पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध ढंग से मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध कराये गए। सुशासन तिहार की यह पहल न केवल ग्रामीणों को रोजगार की दिशा में सशक्त बनाएगी, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने में भी अहम भूमिका निभाएगी। प्रशासन ने पात्र हितग्राहियों को समय पर मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध करा दिए हैं। यह पहल ग्रामीणों को रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाएगी। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने में मदद करेगी। वहीं, जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कचरा संग्रहण का कार्य कर रही हैं। ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल, आंगनबाड़ी, पर्यटन स्थल और धार्मिक स्थलों से नियमित कचरा एकत्र किया जा रहा है। भैयाथान की ग्राम पंचायत पहाड़ अमोरनी में स्थित सारासोर में अर्चना स्वयं सहायता समूह कार्यरत है। जनपद सूरजपुर के ग्राम पंचायत तेलाई कछार के केनापारा में संगवारी स्वयं सहायता समूह काम कर रहा है।

## पहलगांव में शहीद हुए सभी मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**सुरजपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शाहिद हुए सभी मृतकों के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम के मार्गदर्शन में एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशानुसार एनएसयूआई प्रतापपुर जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा दिवंगतजनो की आत्मा की शांति के लिए पुराना बस स्टैंड कॉलेज चौक के पास दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं मृतकों की श्रद्धांजलि के लिए कैण्डल मार्च का भी आयोजन किया गया और आतंकवादी कि इस कायरतापूर्ण करतूत की घोर निंदा करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेम साय सिंह टेकाम के द्वारा और सभी छात्रों ने मीलकर इस दर्दनाक घटना के लिए नराजगी भी जताई गई और कहा गया कि आतंकवादियों की इस घिनौनी हरकत की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है इस घटना से पूरे नगर में काफी आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इस बीच इस कार्यक्रम में सूरजपुर एनएसयूआई पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंदन गुप्ता, छात्र नेता मो. दिलसाद अंसारी, पंकज सिंह, लालू, धर्मजीत, सोयमा, अजय सिंह, रिजवान अंसारी, रिंकी मरावी, अमरीता सिंह, गीता टेकाम, लालमुनि, चन्दु, सुनील,दानिश।

# महिला पार्षद समेत 11 लोगों ने कश्मीर में गोली की आवाज सुनी और भागे, बताई बचने की दास्ता



**चिरमिरी पोड़ी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के समय चिरमिरी के 11 लोग घूमने गए थे। आतंकी हमले में वे बाल-बाल बच गए। चिरमिरी में हर साल ठंडी में गर्म कपड़े का कारोबार करने आने वाले एक कश्मीरी व्यापारी की मदद से सभी सुरक्षित निकल गए। बताया जा रहा है कि गोलियों की आवाज सुनकर सभी लॉज की तरफ भागे और जान बचाई।

एमसीबी जिले के चिरमिरी से 18 अप्रैल को कुलदीप स्थापक, हैप्पी बधावन, शिवांश जैन, आशीष अग्रवाल के परिवार से 11 (4 महिला, 4 पुरुष व 3 बच्चे) लोग जम्मू कश्मीर घूमने निकले थे। सभी 21 अप्रैल को पहलगाम पहुंच थे। यहां 22 अप्रैल की दोपहर में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। उस समय चिरमिरी के पर्यटकों के साथ हर साल ठंडी में गर्म कपड़े का व्यापार करने आने वाले व्यापारी नजाकत अली भी मौजूद था। उनके साथ ही सभी आस-पास घूम फिर रहे थे। हमले के बाद उसने ही सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

हमले की सूचना के बाद चिरमिरी में परिजन रातभर नहीं सोए। कश्मीर गए परिवार के सदस्यों की चिंता सता रही थी। हालांकि, मंगलवार रात को परिजनों से बात हुई है। कुलदीप स्थापक की पत्नी पूर्वा स्थापक नगर निगम चिरमिरी की पार्षद हैं। चिरमिरी से कश्मीर गए पर्यटक शिवांश जैन ने बुधवार दोपहर 3 बजे फेसबुक में लिखा है कि भगवान के आशीर्वाद से हम सभी सुरक्षित हैं। उनका किसी से कॉन्टैक्ट भी नहीं हो पा रहा है। चिरमिरी से कश्मीर गए पर्यटकों में कुलदीप स्थापक, पूर्व स्थापक व 2 बच्चे, भतीजा अरविंद अग्रवाल, पत्नी और एक बच्चा शामिल हैं, जो एक ही परिवार से हैं। इसके अलावा बाकी जैन व परासर परिवार से हैं। परिजनों का कहना है कि मंगलवार से हाई अलर्ट घोषित है और हमले के दिन से सारी



हवाई सेवाएं रद्द कर दी गई थीं। शिवांश जैन की मां ने बताया कि बेटा अपने मित्र कुलदीप स्थापक, अरविंद अग्रवाल, हैप्पी बधावन, उनकी पत्नी और बच्चों के साथ घूमने के लिए पहलगाम गया था। आतंकी हमले के समय सब वहीं मौजूद थे। गोलियां चलने की आवाज सुनने के बाद सभी ने लॉज की ओर भागकर जान बचाई। सब होटल में सुरक्षित हैं। उनके दोस्त से रात 9 बजे फोन पर बात हुई। महिला व पुरुषों को अलग-अलग सुरक्षित श्रीनगर पहुंचाया गया है।

***राजनांदगाव।** जिले की थाना सोमनी पुलिस ने हत्या के नियत से मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है।

# स्काउट्स एवं गाइड्स की समीक्षा, तिवारी को जिले का बनाया आयुक्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त माननीय डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार एवं मुख्य आतिथ्य में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार व अध्यक्षता, देवेन्द्र तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के विशिष्ट आतिथ्य एवं अरविंद सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोनहत, देवेश जायसवाल विकासखंड शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर की गरिमामय उपस्थिति में वार्षिक समीक्षा बैठक शासकीय आदर्श कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम में 26.04.2025 को आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर, स्काउट प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियो का स्कार्फ एवं मुख्य अतिथि को लाल चंदन के पौधे भेट कर स्वागत किया गया। जिला सचिव सुरेन्द्र





राजवाड़े के द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त महोदय का परिचय एवं अतिथियों का स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया माननीय राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा देवेंद्र तिवारी को जिला मुख्य आयुक्त कोरिया नियुक्त कर आधिकारिक घोषणा की गई एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के द्वारा कमिश्नर स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में जिले में स्काउटिंग की गतिविधि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया, नवनियुक्त जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी जी के द्वारा अपने उद्बोधन में अपने स्काउटिंग जीवन को साझा करते हुए जीवन में अनुशासन का महत्व के बारे में बताते हुए अवगत कराया की वह स्वयं एडवांस स्काउट मास्टर हैं साथ ही पूर्व में 10 वर्ष तक जिला परिषद के अध्यक्ष रह चुके हैं और आने वाले समय में जिले में स्काउटिंग को शिखर तक ले जाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का आश्वासन दिए, राज्य मुख्य आयुक्त के द्वारा वार्षिक समीक्षा बैठक के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए आगामी वर्ष के कार्यक्रमों पर चर्चा किया गया जिसमें प्रमुख रूप से 01 मई को पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु राज्य में एक साथ साइकिल रैली एवं जून महीने में कोरिया जिले में राज्य स्तरीय और रोवर रेंजर समागम का आयोजन करने की बात कही गई।

बैठक में प्रमुख रूप से राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, जिला मुख्य आयुक्त कोरिया देवेंद्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार राजवाडे, जिला संयुक्त सचिव सविता सिंह, जिला संघ कोषाध्यक्ष रवि कुमार पाण्डेय, जिला संगठन स्काउट स्काउट नागेश्वर साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री विजय कुजुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुनील बड़ा, विकासखंड सचिव सोनहत श्याम कुमार आण्डिल, विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, स्काउटर - अजय कुमार ठाकुर, अनिल कुमार, रवि बैगा, राजाराम देवांगन, प्रफुल्ल सालोमन तिग्गा, शुक्ला राम भगत, विकल्प कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार, भीम धुरंधर, बनस लाल सिलर, विपिन कुजुर, जयपाल पल्हे, अमरनाथ सिंह, अजीम अंसारी, केशव प्रसाद साहू, मुकेश मिंज, राजेश कुमार, गाइडर - रीता लकड़ा, डिंपल मिंज, शकुंतला लकड़ा, आशा एक्का, जमाइत लकड़ा, भानुप्रिया भास्कर, अपूर्व द्विवेदी, मेझरेन बखला, प्रीति कुमारी, सोनी कुमुदिनी राजपूत, निशांत तारा, रागिनी चौबे, दीपा मरावी, प्रमिला टोप्पो, ममता सिंह एवं स्काउट् गाइड्स उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम आण्डिल एवं आभार प्रदर्शन रवि पाण्डेय ने किया, बैठक का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

# सुबह से एक्टिव मोड में पुलिस, अनेक बस्तियों में पूछताछ की किराएदारों से





**कोरबा।** क्या आपके इलाके में ऐसी कुछ गतिविधियां नजर में आ रही है जो आपकी आंखों में खटकती है? क्या आपने ऐसे लोगों पर ध्यान दिया है जो कभी यहां पहले नहीं दिखे और अचानक उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। उनकी भाषा और व्यवहार भी काफी भिन्न है। ऐसे ही मामलों को जानने के लिए पुलिस ने आकस्मिक अभियान चलाया और कई क्षेत्रों में पहुंचकर वहां के लोगों से पूछताछ की। सुबह-सुबह पुलिस की उपस्थिति ने लोगों को हैरान किया। खबर के अनुसार इस तरह का अभियान अगले कई दिन तक चलेगा।

पावर सिटी कोरबा के सिविल लाइन क्षेत्र के काशी नगर से लेकर कोतवाली थाना अंतर्गत मोतीसागर पारा, पुरानी बस्ती, राताखार आटल आवास, रामसागर पारा, दर्री क्षेत्र के अटल आवास लाटा, दर्री बस्ती, अयोध्यापूरी बस्ती तथा केंदईखार इलाकों में सुबह 6 बजे से किरायेदारों की सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। पुलिस की टीमों ने एक साथ विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर किराएदारों की पहचान, दस्तावेजों और पते की जांच की। इस दौरान पुलिस ने बिना सत्यापन के रह रहे किरायेदारों से पूछताछ भी की। मकान मालिकों को किरायेदारों का सत्यापन शीघ्र कराने को कहा। इसके पीछे के उद्देश्य के बारे में भी लोगों को प्राथमिक जानकारी दी गई और उन्हें सतर्क रहने को कहा गया। लोगों ने पुलिस को एश्योर किया कि हर हाल में वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के साथ सहयोग करेंगे। नागरिकों ने कहा की वे किसी भी स्थिति में पचड़े में नहीं पढ़ना चाहते।

### पहलगाम घटना के बाद सतर्कता

माना जा रहा है कि हाल में कश्मीर के पहलगाम में 28 हिंदू पर्यटकों की आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर हत्या कर देने के बाद चौतरफा वातावरण बदला हुआ है। आतंकवाद के साथ-साथ विध्वंसकारी गतिविधियों या इस तरह की सोच रखने वाले तत्वों के खातमें की मांग सरकार से हो रही है। जगह-जगह प्रदर्शन में ऐसी मांगों का उठाना बता रहा है कि माहौल को अच्छा करने के लिए कई खड़े कदम उठाने की जरूरत है।

### निगरानी शुरू हुई पाकिस्तानियों की

खबर के अनुसार छत्तीसगढ़ में पाकिस्तानियों की निगरानी सरकार के सिस्टम ने शुरू कर दी है। एक जानकारी में कहा गया है कि विजिटर वीजा या अन्य तरीके से छत्तीसगढ़ में सभी पाकिस्तानियों के बारे में जानकारी जुटा जा रही है और निगरानी को तेज कर दिया गया है। कुछ मामलों में लचीलेपन की संभावना है लेकिन अन्य विदेशी नागरिकों को जल्द पाकिस्तान के लिए लौताया आएगा।



## प्रताड़ना से अंत, पीएम रिपोर्ट के बाद आगे बढ़ेगी पुलिस की जांच

कोरबा। सीएसईबी चौकी पुलिस के अंतर्गत हाल में ही एक नाबालिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला पुलिस के लिए फिलहाल पहेली बना हुआ है। लोगों के बयान लिए जा रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट्स अभी नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की बिंदुओं पर विधिवत जांच की जाएगी।

चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक इलाके के 16 वर्षी किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। उसकी मौत से परिवार टूट गया है। परिजनों की सूचना पर सीएसईबी पुलिस की टीम ने यहां पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। लोगों की उपस्थिति में शव का पंचनामा किया गया। इस दौरान एक सुसाइड नोट मौके से मिला जिसमें कई चौंकाने वाली जानकारी दी गई। उसमें उल्लेख किया गया कि कुछ लोग उसे काफी समय से प्रताड़ित कर रहे थे इस वजह से उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। ऐसे मामलों में पुलिस की जांच के लिए कई प्रकार के प्रावधान बने हुए हैं और वह स्टेप बाय स्टेप आगे बढ़ती है।

सीएसईबी चौकी पुलिस ने बताया कि मामले में फॉलोअफ सिर्फ इतना है कि अभी परिजनों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में मृत नाबालिक का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर से रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने पर तकनीकी बिंदु स्पष्ट होंगे और फिर अन्य संबंधित तथ्यों के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि सुसाइडल नोट में जो चीज उल्लिखित की गई है, आगे की जांच में बहुत कुछ स्पष्ट हो सकता है। कहा जा रहा है कि आगे की जांच में यह भी साफ होगा कि आखिर ऐसी कौन से कारण थे जिसके लिए किशोर को परेशान किया गया और फिर थक हारकर उसने खुद को समाप्त कर लिया।

## पदोन्नति पर एचएमएस की प्रबंधन से चर्चा

**कोरबा।** एचएमएस की आई वार वार्ता मुख्यालय में आयोजित है। जिसमे लंबित मामलो पर चार्िक की गई। कई ऐसे कोयला कामगार है जो पदोन्नित के लिए प्रयास रत है पात्रता रखने के बाद उन्हे पदोन्न नही किया गया है। बैठक में उपस्थित रेशम लाल यादव,गिरजा साहू, सुरेन्द्र मिश्रा, अजीत पाण्डेय ,भागवत साहू ने भी कई मुददो को रखा खास कर गेवरा दीपका क्षेत्र के लोग उड़ रहे धूल से परेशान है। इस मामले में अलग से संयुक्त मोर्चा की बैठक भी हुई थी। जिसमें आंदोलन करने की रूप रेखा तैयारर की गई है। पेयजल की समस्या को जोर शोर से उठाया गया।

## चौहान का संगठन की मजबूती पर जोर

**कोरबा।** कांग्रेस जिला ग्रमीण अध्यक्ष मनोज चौहान के लाफा पहुंचने पर आज उनका कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। अध्यक्ष बनने के बाद वे पहली बार लाफा पहुंचे है। स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं के बाद ली गई। यहां पर लक्ष्मण व श्याम लाल के नेतृत्व में मनोज चौहान का स्वागत किया गया। जबकि कल मनोज चौहान दीपका ब्लाक में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेगें। यहां पर ब्लांक अध्यक्ष दिलीप सिंह , गोपाल यादव,विकास शुक्ला, राहुल मिश्रा, एमपी सिंह, छंद राम राठौर अनिल राठौर सीताराम साहू मौजूद रहेगें। संगठन को मजबूत करने एवं अन्य मुद्दो पर विचार विर्मश किया जाएगा। इधर कटघोरा ग्रामीण ब्लांक अध्यक्ष गोरे लाल यादव व संतोष राठौर के द्वारा बिरदा व भिलाई बाजार में जाकर ग्रामीणों की बैठक ली गई। जिसमें पाया गया कि इस क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या है। खदान क्षेत्र होने के कारण कुएं व हैडपंप से पानी नही आ रहा है। पेयजल की समस्या को लेकर यहां के ग्रामीण जन काफी चितित है। इस मामले को सांसद ज्योत्सना महंत के सामने रखा जाएगा।

## भाजपा नेता शर्मा गोष्ठी में होंगे शामिल

**कोरबा।** भाजपा के नेता शिवरत्न शर्मा का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वें दर्री में आयोजित गोष्ठी में शामिल होगें। एक देश एक चुनाव को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई है। जिसमें भाजपा से संबंधित सभी श्रमिक संगठनो को बुलाया गया है। और सबके विचार लिए जाएगें। गेवरा से रमेश गुरूद्वान, मदन सिंह, प्रीतम राठौर, कुसमुंडा कोरबा क्षेत्र से रंजय सिंह हिरेन्द्र चन्द्रा, बाबूलाल चंन्द्रा राजेन्द्र यादव, संजय सिंह शैलेन्द्र सिंह बालको से देवेन्द्र द्विवेदी सरोज नायर ,लैंको से भीम चौहान, विद्युत मंडल से राधेश्याम जायसवाल, चंद्रशेखर दुबे, शब्बीर मेमन, अजय मिश्रा ,संदीप राठौर ,वनरत्न बरेठ सुनिता जायसवाल शामिल होगें।

## प्रदेश महामंत्री भारती का स्वागत

**कोरबा।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती के कोरबा आगमन पर भाजपाईयों द्वारा उनका स्वागत किया गया। सीतामढ़ी स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान राजेश लहरे, रमा मिरी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूदथे। रामजी भारती एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोरबा आए हैं। उनका मंडलों से आये भाजपाइयों द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

## खिलाड़ियों को मिल रहा फुटबाल का प्रशिक्षण

**कोरबा।** सीएसईबी खेल मैदान में खिलाड़ियों के लिए 15 दिन का ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण कैंप लगाया गया है। कई प्रशिक्षक यहां पर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

# प्रतियोगिता से आत्मविश्वास बढ़ता है बच्चों का:विकेश

### चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**कोरबा।** कुसमुंडा के आदर्श नगर कॉलोनी में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा ड्राइंग कंपटीशन कराया गया। जिसमें 5 से 12 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मैं भागीदारी करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में फर्स्ट अनन्य कुमार, सेकंड रहे जसप्रीत सिंह और अनन्या कुमारी तृतीय स्थान पर रही । मुख्य अतिथि भाजपा नेता विकेश झा और राजेश पटेल द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। भाजपा नेता विकेश झा ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि कहा कि बच्चों के भीतर छिपी हुई क्रिएटिविटी को बाहर लाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ड्राइंग प्रतियोगिता कराई जा रही है ऐसे आयोजन से बच्चों में जागरूकता आती है। विकेश ने कहा कि हर किसी के भीतर रचनात्मक जैसे गुण मौजूद रहते हैं लेकिन प्रोत्साहन के अभाव में उनका सही तरीके से विकास नहीं हो पाता है । प्रतिस्पर्धा के युग में कई प्रकार की चीजे हमारे सामने आ रही है और इसके लिए जरूरी है कि हम समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करें और बच्चों के कौशल विकास को रेखांकित करते रहे । उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है और संकोच समाप्त होता है। राजेश पटेल ने कहा कि ड्राइंग प्रतियोगिता बच्चों को जागरूक करेगी।

प्रतियोगिता में बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। प्रेरणा महिला मंडल की सदस्य निक्की कौर ने बताया कि बच्चों की छुपी हुई पतिभाओ को निखारने के लिए इस प्रतियोगिता को कराया जाता है। साथ ही उन्हें भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी जाती है। इस क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कौशल दिखाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया । यह प्रतियोगिता प्रेरणा महिला मंडल के सानिध्य मैं की गई। इस मौके पर प्रेरणा महिला की अध्यक्ष उमा कुमारी, मंजू यादव, निक्की कौर, पूनम पुष्पा यादव , राजेश पटेल, गुरदीप सिंह , श्याम यादव आदि उपस्थित रहे।

## जीएम एकांबरम से मिला एसईकेएमसी

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में नए जीएम जे एकांबरम सें एसईकेएमसी के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस दौरान अध्यक्ष सुमीत शुक्ला प्रमोद बनर्जी सुब्रत दास रामफल साहू डी अरविंद ने समस्याओं को सामने रखा जिसमें उन्होनें कहा कि पेयजल की समस्या को दूर किए जाने की जरूरत है। अभी तक सडक निर्माण नही हो पाया है। मानिकपुर से लेकर सीजीएम आफिस तक आने जाने में ल्रोगों को परेशानी होती है। कई बार उस मुद्दों को आईआर बैठक में उठाया गया है। अन्य समस्याओं को भी सामने रखा गया है।

## जिला भाजपा की बागडोर गोपाल को



**कोरबा।** लंबे समय तक जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे गोपाल मोदी अब जिला अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव के द्वारा एक आदेश जारी कर उनकी नियुक्ति की गई है। इससे पहले प्रदेश नेतृत्व में व्यवस्था के अंतर्गत मनोज शर्मा को कोरबा जिला का भाजपा अध्यक्ष बनाया था। कुछ समय इस पद की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। शनिवार को जारी किए गए आदेश में गोपाल मोदी को कोरबा जिला भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। मोदी का परिवार जनसंघ के समय से सक्रिय रहते हुए राष्ट्रीय विचारधारा का पोषक रहा। संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम कहा जा रहा है कि भाजपा संगठन ने गोपाल को अब कोरबा जिला का अध्यक्ष बना दिया। हालांकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भी गोपाल मोदी अध्यक्ष पद के दावेदार थे। लेकिन तब उनके बारे में विचार नहीं हुआ। मोदी को जिला भाजपा की बागडोर दिए जाने को लेकर अलग-अलग आधार और तर्क दिये जा रहे है।

# अमृतकाल: ठाड़पखना को सुविधाओं की प्रतीक्षा

### सड़क बन गई सपना लोगों के लिए

### पुरानी नाव से करते हैं आना-जाना





**कोरबा।** स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे होने पर देश अमृत काल का उत्सव मना रहा है लेकिन आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले में कई गांव ऐसे हैं जो जरूरी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। एक तरह से यह उनके लिए विडंबना है। जिला मुख्यालय से महज 55 किलोमीटर दूर स्थित ऐतमानगर ग्राम पंचायत का आश्रित गांव ठाड़पखना बुनियादी सुविधाओं से अभी भी वंचित है। यहां के लोगों को इंतजार है कि कब कोई ऋषि मुनि यहां पहुंचे तो उनका भाग्योदय हो।

सड़क, पानी और राशन जैसी मूलभूत जरूरतें यहां अब भी सपना बनी हुई हैं। गांव में न तो पक्की सड़कें हैं, न साफ पानी की सुविधा, और न ही उचित मूल्य की राशन दुकान। लोगों ने बताया कि राशन लेने के लिए उन्हें या तो 10 किलोमीटर का लंबा और कठिन सफर तय करना पड़ता है या फिर अपनी जान जोखिम में डालते हुए नदी पार करनी पड़ती है। नदी पार करने के लिए गांव वालों के पास सिर्फ एक पुरानी नाव है, जो हर मौसम में सुरक्षित नहीं होती। अब तक इसी रास्ते में तीन ग्रामीणों की जान भी जा चुकी है, लेकिन फिर भी हालात जस के तस बने हुए हैं। पानी की समस्या भी ठाड़पखना में विकराल रूप ले चुकी है। गांव के एकमात्र हैंडपंप का पानी पीने लायक नहीं है, उसमें गुणवत्ता की कमी है और दुर्गंध भी है। ग्रामीणों को पीने का पानी बांगो बांध के डूब क्षेत्र से लाना पड़ता है, जो दूर भी है और जोखिम भरा भी। गर्मी के मौसम में पानी का संकट और भी गहरा जाता है, जिससे बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इस गांव की ज्यादातर आबादी आदिवासी समुदाय से है, जो पहाड़ी इलाकों में बसे हुए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाएं आदिवासी विकास के नाम पर चलाई जाती हैं, लेकिन ठाड़पखना जैसे गांवों तक इनका लाभ पहुँच ही नहीं पा रहा। प्रशासनिक लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण ग्रामीण आज भी वही जीवन जीने को मजबूर हैं जो आज़ादी के पहले था। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार अपनी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं, समाधान नहीं।

### निधन

## दयाराम गुप्ता दिवंगत, पोड़ीबहार में हुई अंत्येष्टि



**कोरबा।** पौड़ीबहार क्षेत्र के निवासी और गुप्ता समाज के प्रतिष्ठित नागरिक दयाराम गुप्ता का आज सुबह देहावसान हो गया। 75 वर्षीय श्री गुप्ता लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। आज दोपहर 1.00 बजे उनके अंतिम यात्रा निकाली और पौड़ीबहार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न समाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में 2 मिनट का मोह धारण कर दिवंगत आत्मा की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com